नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020



# जोहार छत्तीसगढ़



दैनिक हिन्दी

◆ वर्षः -14 ◆ अंकः 288 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्यः 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, शुक्रवार 26 अगस्त 2022

पेज -3 पर पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति के खिलाफ मिथ्या जानकारी ...

रायगढ़ में 6 लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी .... पेज -8 पर

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in

## एक नजर

### 27 अगस्त को रायपुर आएंगे गृह मंत्री अमित शाह



**रायपुर।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 27 अगस्त को रायपुर आ रहे हैं। उन्हें यहां भाजपा की ओर से आयोजित प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर केंद्रित किताब पर चर्चा करनी है। इसका आयोजन साइंस कॉलेज के दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में होना है। अमित शाह के प्रवास के दौरान यहां राष्ट्रीय जांच एजेंसी-NI के प्रांतीय कार्यालय का भी उद्घाटन होना है। केंद्रीय गृह मंत्रालय ने गुरुवार को अमित शाह के दौरे का मिनट-टू-मिनट कार्यक्रम जारी कर दिया है। इसके मुताबिक शाह कुल पांच घंटे 15 मिनट तक रायपुर में रहने वाले हैं। इसके मुताबिक केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह दोपहर बाद 2 बजकर पांच मिनट पर रायपुर पहुंचेंगे।

### चाकू से हमला कर फरार हुए युवक पकड़ाये

**रायपुर ।** राजधानी के गुढियारी क्षेत्र में मामूली विवाद पर युवक को चाकू मारकर फरार होने वाले दो युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। मिली जानकारी के अनुसार 13 जुलाई को गुढियारी के आम्बेडर चौक में अकरम खान नामक युवक को चाकू मारकर फरार होने वाले युवक रवि राव एवं खिलेश्वर उर्फ गोलू को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। दोनों युवकों ने गाड़ी चलाने के दौरान हुई मामूली बात पर अकरम के जांघ व सीने में चाकू मारकर उसे घायल कर दिया था।

# सड़कों का हाल बेहाल सत्ता पक्ष के साथ-साथ विपक्ष भी मौन आखिर क्यों ?

## विपक्ष धर्म निभाना भूल गई धरमजयगढ़ भाजपा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के चारों ओर की सड़कों का हाल इतना बेहाल है। कि आप अपने आप को धरमजयगढ़ का निवासी कहने में शर्मा जायेंगे। सड़क में गड्ढे है या गड्ढे में सड़क बताना मुश्किल होगा। सड़क में तालाबनुमा गड्ढे इन जनप्रतिनिधियों को दिखाई नहीं देता आखिर दिखाई दे भी क्यों इनको तो दिखाई नहीं देने के एवज में ठेकेदार बहुत कुछ दे देते हैं। जिसके कारण आज धरमजयगढ़ क्षेत्र



की सड़कों का हाल चलने लायक नहीं है।

### 2023 चुनाव में क्षेत्रवासी लेंगे विधायक राठिया से हिसाब

क्षेत्रवासी अपना जनप्रतिनिधि इसलिए चुनते हैं। ताकि क्षेत्र का विकास हो शासन की योजना का लाभ मिले लेकिन हमारे द्वारा चूने गये जनप्रतिनिधि सिर्फ अपना फायदा देखते हैं जनता का नहीं। हमारे द्वारा चूने गये जनप्रतिनिधि एसी गाड़ी से नहीं उतरते जिसके कारण इनको क्षेत्र की दुर्दशा दिखाई नहीं देता है। लेकिन जनप्रतिनिधि भूल जाते हैं कि जनता ने इन्हें 5 साल के लिए ही चूना है। जनप्रतिनिधियों को याद रखना चाहिए कि 5 साल बाद फिर चुनाव होना है। क्षेत्र के जनता के साथ खिलवाड़ करने वाले जनप्रतिनिधियों को जनता चुनाव में सबक सिखाते हैं जिसका ताजा उदाहरण है 2018 के चुनाव में प्रदेशवासियों ने 15 साल राज करने वाली भाजपा को मुंह दिखाने लायक नहीं छोड़ा, 15 साल राज करने वाली भाजपा को 15 सीट में ही सीमट कर रख दिया। धरमजयगढ़ विधायक को ये सब याद करके क्षेत्रवासियों के अनुरूप कार्य करना चाहिए, क्षेत्र का विकास पर ध्यान देना चाहिए, क्षेत्र का विकास होगा तो जनता फिर विधानसभा भेजेगी नहीं तो 2023 में अच्छे से हिसाब लेगी। सिर्फ मीडिया वालों को मैनेज करने के लिए स्वेच्छा अनुदान एवं जनसंपर्क राशि से मीडिया वालों को खुश करने से जनता खुश नहीं होगी। ये पब्लिक है सब जानती है कब किससे हिसाब करना है।

जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर



गढ़्ढे में सड़क या सड़क में गढ़्ढा.. ?



सडकों का हाल बेहाल

## सड़कों के लिए सड़क पर क्यों नहीं उतरती भाजपा

*शहर की पहचान सड़कों से ही पता चल जाता है कि क्षेत्र का विकास कितना हो रहा है जब तक सड़क, पानी, बिजली जैसे मूलभुत सुविधा क्षेत्रवासियों को नहीं मिलेगा तब तक विकास का कल्पना करना भी बेईमानी होगी। लेकिन हमारे क्षेत्र की जनता को ये तीनों चीज से दूर रखा जाता है। हम अगर बात करें बिजली की तो धरमजयगढ़ क्षेत्र में तो बिजली भगवान भरोसे है, दिन में कितनी बार गोल होता है ये तो बिजली विभाग को भी नहीं मालूम, वैसे ही नगरीय क्षेत्र में कई-कई दिनों तक पानी नगरवासियों के घर में नहीं पहुंचती है। लेकिन जनता के इस समस्या से नगर पंचायत के पार्षद अध्यक्ष को कोई सारोकार नहीं सब अपने आप में मस्त हैं। अब हम बात करते हैं धरमजयगढ़ शहर के चारों ओर की सड़कों की धरमजगढ़ से रायगढ़ 76 किलोमीटर का सफर करने के लिए 5 घंटे लगते हैं जबकि पहले रायगढ़ जाने के लिए 2 घंटे से भी कम लगते थे। वहीं अगर किसी को बस से हाटी जाना है तो मात्र 24 किलोमीटर का सफर लगभाग 2 घंटे में पूरा होता है। धरमजयगढ़ से पत्थलगांव जाने के लिए भी 2 घंटे लग जाते हैं जबकि 1 घंटे से भी कम समय का सफर है। कापू रोड का निर्माण कब पूरा होगा इसे तो ठेकेदार सुनील रामदास भी नहीं बता सकते, इसको पता करना है तो आपको भगवान के पास जाना होगा पूछने के लिए। सड़कों का इतना दुर्दशा होने के बाद भी विपक्ष में बैंठे भाजपा को दिखाई नहीं दे रहा है। विपक्ष बेरोजगारी भत्ता पर राजनीति करने रायपुर जा सकते हैं। लेकिन अपने नगर की सड़कों के दुर्दशा को लेकर आवाज बुलंद नहीं करती है। ये भाजपा का असली चेहरा, अब लोग बोलने लगे हैं कि सड़क के लिए सड़क पर कब उतरेगी भाजपा। प्रदेशवासियों ने भाजपा को विपक्ष में बैंठाये हैं तो भाजपा अपना विपक्ष धर्म निभाये ताकि आने वाले चुनाव में क्षेत्रवासी एक बार फिर अपना जनप्रतिनिधि बना कर विधानसभा भेजे।*

नक्सलियों की जनअदालत में मौत की सुनवाई

## गांववालों के सामने सरेंडर नक्सली को खड़ा किया, बोले-ये गद्दार है, मारें या छोड़ दें



**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ और तेलंगाना राज्य की सीमा के जंगल में माओवादियों ने जनअदालत लगाई। इस जनअदालत में एक सरेंडर नक्सली को कटघरे में खड़ा किया गया। यहां मौजूद सैकड़ों ग्रामीणों से पूछा- इस गद्दार का क्या किया जाए? मार दें या छोड़ दें। ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि, इसने हमें परेशान नहीं किया है। एक मौका दे देते हैं। ग्रामीणों की बात सुनकर माओवादियों ने सरेंडर नक्सली को रिहा कर दिया है। जनअदालत का माओवादियों की चेरला एरिया कमेटी ने खुद वीडियो जारी किया है। दरअसल, करीब 3 से 4 सालों तक नक्सलियों के साथ काम करने के बाद नक्सली जीवन ने साल 2021 में सरेंडर कर दिया था। जंगल से निकल कर खुशहाल जिंदगी जी रहा था। नक्सली लगातार इसकी तलाश कर रहे थे। वहीं 20 अगस्त को सुकमा के किस्टाराम के एटूपाका गांव से नक्सलियों ने जीवन का अपहरण कर लिया था। फिर आंखों पर पट्टी बांधकर तेलंगाना और छत्तीसगढ़ राज्य के सीमावर्ती जंगलों में 2 से 3 दिनों तक लगातार घुमाया गया।

## बस व ट्रक की टक्कर में 20 से ज्यादा लोग घायल

**बालोद ।** बालोद जिले में गुरुवार को एक बस व ट्रक की टक्कर में 20 से ज्यादा लोग घायल हो गए हैं। जिनमें से 3 की हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना डौंडी थाना क्षेत्र की है। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने राहत कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल भेजा गया। मिली जानकारी के अनुसार पंखाजूर से दुर्ग के लिए निकली बस को सामने की ओर से आयरन ओर खाली कर लौट रहे ट्रक ने जबरदस्त टक्कर मार दी। यह हादसा डौंडी भानुप्रतापपुर के बीच मथाई चौक के पास हुआ।

## पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की योजनाओ की समीक्षा बैठक में शामिल हुए मंत्री रविन्द्र चौबे

**रायपुर।** पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री श्री रविन्द्र चौबे आज सिविल लाइन में स्थित न्यू सर्किट हाउस में विभागीय योजनाओ की समीक्षा बैठक में शामिल हुए। बैठक में उपस्थित अधिकारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि ग्रामीण विकास का पूरा दायित्व आप पर है। मनरेगा, गोधन न्याय योजना, रूरल इंडस्ट्रीयल पार्क गांवों के विकास प्रतिबिंब हैं। जिलों का विकास आपके काम से दिखता है। हम बापू के ग्राम स्वराज की परिकल्पना को साकार करने सुराजी गांव योजना संचालित कर रहे हैं। गांवों में विकास का फोकस यही है।







उन्होंने अधिकारियों को जन सुविधा के उपयोगी काम करने की बात कही। मंत्री श्री चौबे ने अधिकारियों को गांवों का नियमित दौरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सरकार की योजनाओं का संचालन जमीनी स्तर पर प्रभावी तरीके से होना चाहिए। लोगों को रोजगार देना हमारी प्राथमिकता है।

अवार्ड.. मुख्यमंत्री ने कहा - हर वर्ग को सुविधा मिले, जिसके वे हकदार हैं

## हमने लोगों के जीवन स्तर को सुधारने के लिए काम किया - भूपेश बघेल

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में बीते साढ़े तीन साल में परिस्थितियां बदली हैं। हर वर्ग के आय को बढ़ाने के लिए छत्तीसगढ़ सरकार ने काम किया है। हमने लोगों का जीवन स्तर सुधारने के लिए काम किया है। हर वर्ग को सुविधा मिले, जिसके वे हकदार हैं। यह बातें मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहीं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने राजस्थान पत्रिका समूह के एफएम तड़का द्वारा आज रायपुर के एक निजी होटल में आयोजित बिजनेस आईकॉन अवॉर्ड में बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस दौरान उन्होंने एफएम तड़का की ओर से चयनित छत्तीसगढ़ राज्य के 21 बिजनेसमैन को सम्मानित किया।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री श्री बघेल ने कहा कि बीते दिन फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशन के कार्यक्रम में ऑटोमोबाइल सेक्टर के बिजनेसमैन से मिले और आज राजस्थान पत्रिका समूह द्वारा आयोजित कार्यक्रम में बिजनेसमैन लोगों से बात करने का अवसर है। उन्होंने कहा कि हमारे छत्तीसगढ़ में लगातार उद्योग-व्यापार बढ़ रहा है। हम किसान, मजदूर, गरीब से लेकर उद्योगपति, व्यापारी, पत्रकार और सरकारी कर्मचारी तक सबको राहत देने के लिए कुछ-न-कुछ कर रहे हैं। परिस्थितियों के अनुरूप आज के दौर में अर्थव्यवस्था को संभालना कठिन कार्य है, लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री ने कहा कि उद्योग-व्यापार के लिए सबसे ज्यादा जरूरी है कि उनके पास ग्राहक हों और ग्राहक के पास पैसा हो, तभी उद्योगों का पहिया घूमेगा।









'गोबर से भी कैसे पैसा कमाया जा सकता है छत्तीसगढ़ सरकार ने बताया'

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने राजस्थान पत्रिका समूह के एफएम तड़का द्वारा आयोजित बिजनेस आईकॉन अवॉर्ड में की शिरकत









## अब मंत्री-विधायकों के घर जाएंगे हड़ताली कर्मचारी

### आज मशाल रैली निकालकर मांगा न्याय, हड़ताल को BJP का भी समर्थन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ में चल रही कर्मचारियों की हड़ताल बढ़ती दिख रही है। गुरुवार शाम प्रदेश भर के जिला और ब्लॉक मुख्यालयों पर कर्मचारियों ने मशाल रैली निकाली। कर्मचारी नारेबाजी करते हुए सरकार से न्याय की मांग कर रहे थे। अब 26 अगस्त को कर्मचारी बाइक रैली निकालकर मंत्रियों-विधायकों के घर जाने की तैयारी में हैं। इस बीच भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आंदोलन के मंच पर पहुंचकर हड़ताल को पार्टी का पूरा समर्थन देने की घोषणा कर दी है।



रायपुर में बूढ़ातालाब स्थित धरना स्थल पर चार दिनों से बैठे कर्मचारी संगठनों ने शाम को मशाल रैली निकाली। कर्मचारियों ने मशाल लेकर नारेबाजी शुरू की। वे लोग नगर निगम की ओर बढ़ रहे थे। पुलिस ने श्याम टाकिज के पास उन्हें रोक लिया। उसके बाद कर्मचारी नारेबाजी करते हुए सड़क की दूसरी तरफ से वापस धरना स्थल लौट गए।

# सीखने ही होंगे वरना स्वास्थ्य क्षेत्र में अनदेखी की भारी कीमत चुकानी होगी

कभी-कभी कॉमेडियन जनस्वास्थ्य से जुड़े संदेशों को सबसे शक्तिशाली तरीके से व्यक्त करते हैं। अमेरिका के देर रात प्रसारित होने वाले चर्चित टॉक शो के होस्ट और कॉमेडियन जॉन ओलिवर ने हाल ही में कहा, %लंबे समय तक हम इसी चमत्कारिक सोच में उलझे थे कि वायरस कहीं और मौजूद है, इसलिए हमें उन्हें लेकर परेशान होने की जरूरत नहीं है। मंकीपॉक्स वैश्विक स्वास्थ्य आपातकाल केवल नवीनतम चेतावनी है कि हमारी यह सोच कितनी त्रुटिपूर्ण है। मंकीपॉक्स की महामारी मध्य और पश्चिमी अफ्रीका के कुछ हिस्सों में दशकों से व्याप्त है।

नाइजीरिया में 2017-18 में इसका जो प्रकोप फैला था, वह आज के हालात के लिए एक तरह से संकेत था। अफ्रीकी वैज्ञानिक पिछले कुछ समय से इसे लेकर चेतावनी दे रहे थे। निराशाजनक रूप से, दुनिया ने उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया। अब हम अफ्रीका की अनदेखी करने की कीमत चुका रहे हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि गैर-स्थानिक देशों में मंकीपॉक्स के प्रकोप के पीछे कई कारक हैं- चेचक के टीके की समाप्ति, बढ़ते व्यापार और गतिशीलता, कोविड-19 प्रतिबंधों में ढील, वन भूमि का अतिक्रमण, जलवायु परिवर्तन इत्यादि। वैश्विक रूप में मंकीपॉक्स के अब तक 44 हजार से अधिक मामले आ चुके हैं और 12 लोगों की मौत हो चुकी है। भारत में अब तक इसके नौ मामले सामने आ चुके हैं और इसमें एक मौत भी शामिल है। इनमें दिल्ली के चार मामले और केरल में मंकीपॉक्स से हुई एक मौत शामिल है। अमेरिका और यूरोप के कुछ हिस्सों में जो हो रहा है, उसकी तुलना में यह संख्या बहुत कम है। लेकिन आत्मसंतुष्टि के लिए कोई जगह नहीं होनी चाहिए। कोरोना वायरस की महामारी अभी खत्म नहीं हुई है। कुछ अन्य देशों की तरह भारत भी सार्स-कोवि-2 के नए वैरिएंट्स और उसके विस्तार से संघर्ष कर रहा है। लाखों भारतीय कुछ अन्य बीमारियों से भी ग्रस्त हैं, लिहाजा कोविड से उनके लिए जोखिम अधिक है। दुनिया भर के वैज्ञानिक इस बात पर चर्चा कर रहे हैं कि एक नई महामारी कैसे, कब और कहां हो सकती है और किन उपायों से इसे रोका जा सकता है। तैयारी अत्यंत महत्वपूर्ण है। हालांकि भारत में तैयारियों को लेकर होने वाली चर्चा में अक्सर एक जरूरी तत्व,




भारत अब भी उन देशों में शामिल है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च सबसे कम हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई-सी है। जब कोई स्वास्थ्य प्रणाली सामान्य समय में आम लोगों की सेवा नहीं कर सकती, तब यह मुश्किल ही है कि वह स्वास्थ्य संबंधी संकट के समय प्रभावी तरीके से काम कर पाएगी।

मानव संसाधन पीछे छूट जाता है। महामारी विशेषज्ञ डॉ. गिरिधर आर बाबू कहते हैं, %महामारी की तैयारी कोई इवेंट नहीं है, बल्कि एक मजबूत और लचीली सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की प्रक्रिया है, जो प्रकोपों का सक्रिय रूप से पता लगाती है और प्रतिक्रिया करती है। महामारी की तैयारी के केंद्र में सामान्य समय के दौरान स्वास्थ्य प्रणाली की चुनौतियों के समाधान की कोशिश होती है। इसका अनिवार्य रूप से अर्थ है कि मानव संसाधनों पर ध्यान केंद्रित किया जाए, जो कि दुनिया में हर जगह प्रभावी स्वास्थ्य प्रणालियों को शक्ति प्रदान करता है। मंकीपॉक्स का प्रकोप फैलने के बाद निगरानी को लेकर ढेर सारी बातें की जा रही हैं, लेकिन बाबू कहते हैं, निगरानी को मजबूत करने और प्रकोपों का जवाब देने के लिए प्रयोगशाला के बुनियादी ढांचे और कुशल शासन तंत्र के साथ मानव संसाधनों को प्राथमिकता देने की आवश्यकता है। इसके साथ ही वह यह भी कहते हैं, दुर्भाग्य से सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणालियों की निरंतर उपेक्षा पुरानी स्थिति में लौटने को प्रेरित होती है। भारत अब भी उन देशों में शामिल है, जहां सार्वजनिक स्वास्थ्य पर खर्च सबसे कम हैं। कई राज्यों में स्वास्थ्य व्यवस्था चरमराई-सी है। जब कोई स्वास्थ्य प्रणाली सामान्य समय में आम लोगों की सेवा नहीं कर सकती, तब यह मुश्किल ही है कि वह स्वास्थ्य संबंधी संकट के समय प्रभावी तरीके से काम कर पाएगी। बाबू तो यह भी कहते हैं कि स्वास्थ्य संबंधी आपातकाल के समय तो मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियां तक ध्वस्त हो जाती हैं। भारत में शहरी क्षेत्रों की आबादी की जरूरतों के अनुसार स्वास्थ्य कार्यबल (आशा कार्यकर्ता और एएनएम) पर्याप्त संख्या में मौजूद नहीं है। नतीजन स्वास्थ्य सेवाएं प्रभावित होती हैं, जैसा कि कोविड-19 के दौरान देखा गया। यही समय है, जब खामियों को दूर करने और सभी तरह के प्रकोपों से निपटने में सक्षम स्वास्थ्य कार्यबल खड़ा करने के बारे में विचार किया जाए।

सुधीर कुमार झा

## संपादकीय

### हमारे लिए भी गौरतलब

फ्रांस में ज्यादातर बिजली उत्पादक कंपनियां सार्वजनिक क्षेत्र में हैं। फ्रांस सरकार सरकार इन कंपनियों को रियायती दर पर ऊर्जा बेचने का निर्देश दे सकती है। तो फिलहाल ये कंपनियां लागत मूल्य से एक चौथाई कम पर ऊर्जा की सप्लाई कर रही हैं। यह एक ऐसा फर्क है, जिस पर हम सबको ध्यान देना चाहिए। यह एक नीतिगत अंतर है, जिसके परिणाम ने अब ध्यान खींचा है। यह तो यह जग-जाहिर है कि ब्रिटेन के लोगों को ऊर्जा की अत्यधिक महंगाई का सामना करना पड़ रहा है। अगली सर्दियों में वहां प्राकृतिक गैस और बिजली का औसत बिल 4000 पाउंड से ऊपर जा सकता है। यानी 12 महीने पहले ब्रिटेन के लोग गैस और बिजली के लिए जो कीमत चुका रहे थे, उससे तीन गुना ज्यादा कीमत उन्हें चुकानी होगी। लेकिन ब्रिटेन के पड़ोसी देश फ्रांस में ऐसी हालत नहीं है। ध्यान देने की बात यह है कि यूक्रेन युद्ध शुरू होने के बाद से दोनों देशों में रूसी गैस की सप्लाई घटी है। मगर फ्रांस में परिवारों के औसत ऊर्जा बिल में पांच प्रतिशत से भी कम बढ़ोतरी हुई है। जबकि ब्रिटेन में सबसे गरीब घरों के बिल में भी- जिन्हें सरकारी सहायता मिलती है- सर्दियों में 15 प्रतिशत से अधिक बढ़ोतरी हो जाएगी। तो जाहिर है, यह अंतर चर्चा का विषय बना है। कुछ रोज पहले इस बारे में एक अध्ययन रिपोर्ट आई। उससे पता चला कि आखिर ये फर्क क्यों है। स्पष्ट हुआ कि अंतर का कारण दोनों देशों में मार्केट रेगुलेशन की नीतियां हैं। ब्रिटेन की नीति ऊर्जा कंपनियों के हक में है। वहां कंपनियों को छूट है कि ऊर्जा प्राप्त करने की दर बढ़े तो वे अपने मुनाफे को अप्रभावित रखते हुए दाम बढ़ाएं।

# अब देसी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म की जरूरत, डिजिटल दुनिया में आजाद और मजबूत विकल्प की दरकार

इंटरनेट आज आम आदमी की जिंदगी का एक अहम हिस्सा बन चुका है। जैसे औद्योगिक युग में बिजली के इंजन ने सामाजिक और आर्थिक परिवेश को बदल दिया था, ठीक वैसे ही यह लोगों के निजी जीवन, संगठनों के आगे बढ़ने और राष्ट्रों की राजनीतिक रिवायतों को आकार देने में एक प्रमुख भूमिका अदा कर रहा है।

लेकिन क्या इस डिजिटल दुनिया में हम वाकई आजाद हैं? या हम अब भी उन डिजिटल प्लेटफॉर्म्स पर निर्भर हैं, जो पश्चिमी देशों में बनाए गए हैं और भारत जैसे देशों में विचारों को पेश कर इन्हें आगे बढ़ा रहे हैं।

अन्य चीजों का जहां उत्पादन नियंत्रित होता है और दुरुपयोग को रोकने के लिए आपूर्ति राशन के मुताबिक की जाती है, सोशल मीडिया इससे उलट है और यह डाटा, कंटेंट और सूचना को लगातार विस्तार देने वाला संसार है। ऐसे प्लेटफॉर्म का स्वामित्व निजी हाथों में होता है। परिणामस्वरूप, यूजर्स के डाटा के दुरुपयोग के साथ-साथ विचारधारा, जाति, लिंग, धर्म जैसे विषयों पर दुष्प्रचार और एल्गोरिदम में हेरफेर की




एचएसबीसी ग्लोबल रिसर्च के अनुसार, पिछले पांच वर्षों में भारत के इंटरनेट स्टार्ट-अप क्षेत्र में करीब 4.78 लाख करोड़ रुपये से अधिक का निवेश किया गया, जिसमें अकेले 2020 में लगभग 95 हजार करोड़ रुपये का निवेश हुआ है। सोशल मीडिया कंपनियों के लिए भारत एक बहुत बड़ा बाजार है।

संभावनाएं रहती हैं। इसके अलावा, ऐसे प्लेटफार्म अपने मूल देश के कानूनों के अधीन होते हैं, जिससे उस देश की सरकार यूजर्स के डाटा तक आसानी से पहुंच सकती हैं, फिर चाहे वह डाटा विदेशी यूजर्स का ही क्यों न हो। उदाहरण के लिए, अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसी के पास प्रिज्म नाम का एक ऐसा उपकरण है, जो गूगल, फेसबुक, एप्पल जैसी प्रमुख इंटरनेट और संचार कंपनियों के यूजर्स के डाटा को एकत्र करने के लिए संविधान के प्रोटेक्ट अमेरिका ऐक्ट, 2007 के तहत बनाया गया था। हालांकि प्रिज्म में शामिल शीर्ष कंपनियां और अमेरिकी सरकार इसके अस्तित्व को नकारती रही, लेकिन तकरीबन छह वर्षों तक, जब तक मीडिया में लीक रिपोर्ट्स के जरिये इसकी हकीकत सामने नहीं आई, तब तक प्रिज्म का अस्तित्व और विस्तार एक रहस्य बना रहा।

अब कई देशों के लिए यह मामला एक गंभीर चुनौती बन चुका है, अन्य देशों के प्रति प्रबंधन की जवाबदेही बेहद कम है और नतीजे तो उससे भी कम। इसके परिणामस्वरूप भारत में भी अपने स्वदेशी सोशल मीडिया प्लेटफार्म की सख्त जरूरत महसूस हो रही है। क्या हम तकनीकी रूप से इस स्वदेशीकरण को हासिल करने में सक्षम हैं? निश्चित रूप से इसका जवाब हां है। वर्ष 2020 में, चीन के साथ तनाव के बीच केंद्र सरकार ने सुरक्षा और निजता का हवाला देते हुए टिकटॉक, शेयरइट और वीचैट जैसे मशहूर मोबाइल ऐप समेत कई चीनी ऐप्स पर पाबंदी लगा दी थी। फिर जब भारत ने 321 चीनी ऐप्स को गैरकानूनी घोषित किया।

हरीश कुमार

## मिला जुला

# शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया में शिक्षक की कमी

### लगातार स्कूली बच्चे ग्राम मुखिया, जनप्रतिनिधि कर रहे आवेदन पर नहीं हुआ कोई भी असर

जोहार छत्तीसगढ़- बेमेतरा।

बेमेतरा जिला के चंदनु थाना से महज ही दूरी पर लगा हुआ शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया जो सामान्य आबादी वाले क्षेत्र में आता है जहां पर प्राइमरी और मिडिल स्कूल का संचालन एक ही जगह में होता है जिसमें प्राइमरी स्कूल पर लगभग 111 बच्चे और मिडिल स्कूल में वर्तमान स्थिति में 141 बच्चे हैं और पिछले सत्र में लगभग 165 बच्चे और हो सकता है कि पिछले और सत्र में ज्यादा रहे हो और 2006 से मिडिल स्कूल प्रारंभ होने से लेकर आज दिनांक तक अभी भी यहां शिक्षकों की जो कमी है उसे पूरी नहीं की गई और सभी बच्चे अपनी पढ़ाई जारी रखे हुए हैं मगर आज भी किसी और दूसरे शिक्षक की आने की ताकि गणित और अंग्रेजी की जो पढ़ाई कम होती है या पूर्ण रूप से नहीं हो पाती है वह पूर्ण हो जाए इस



**2006 से 2022 तक स्कूल का संचालन हो रहा मगर शिक्षक की कमी आज भी**

आकांक्षा में बैठे हुए हैं। मिडिल स्कूल झिरिया में ग्राम पंचायत के मुखिया, शाला समिति और गांव वालों के द्वारा भी मौखिक रूप से, आवेदन के रूप से उच्च अधिकारियों के साथ-साथ विधायक तथा मंत्रियों को भी अवगत करा दिए हैं बावजूद इसके अभी तक संख्या दर बच्चे होने के बावजूद भी शिक्षक की कमी है और 2 शिक्षक के भरोसे आज भी स्कूल जारी स्थिति में है।

शिक्षकों ने बताया कि बीच-बीच में शिक्षक आते तो थे मगर कुछ दिन के लिए ही मगर स्थाई रूप से यहां तीसरे शिक्षक की व्यवस्था नहीं हुई और आज भी 2 शिक्षक के द्वारा ही स्कूल का संचालन हो रहा है और शिक्षा विभाग के नजरिया से देखा जाए तो दर्ज संख्या के हिसाब से शिक्षक और होना चाहिए ताकि छात्र-छात्राओं की पढ़ाई अच्छे से जारी रहे और शिक्षा के माध्यम से अपने गांव शहर माता-पिता और राष्ट्र का नाम रोशन करें। मिली जानकारी के अनुसार पास में ही दूसरे गांव के स्कूलों में शिक्षकों की भरमार है मगर कहीं कहीं कमी भी है और ऐसी स्थिति में बच्चों की पढ़ाई लिखाई की जिम्मेदारी शिक्षकों के ऊपर होती है मगर शिक्षक की कमी होने की वजह से आज भी सामान्य स्तर पर पढ़ाई हो रही है और प्राचार्य कई काम से इधर-उधर और कम रूप से अपनी कार्य कर रहे हैं और दूसरे शिक्षक दिन भर पढ़ाई में बच्चों के लिए जुटे हुए हैं तो वास्तव में व्यवस्था के रूप में ही क्यों ना हो एक शिक्षक की आवश्यकता शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला झिरिया में है अब देखने वाली बात यह होगी कि इस खबर की प्रकाशन करने के बाद उच्च अधिकारी इस मामले को संज्ञान में लेते हैं या पूर्वव्रत जारी रहेंगे खबर अभी बाकी है वहां अगले में प्रकाशन की जाएगी।

### दिल्ली सीएम बोले- सरकार गिराने भाजपा 800 करोड़ खर्च करने की तैयारी में

# सीएम केजरीवाल की मीटिंग में नहीं पहुंचे 9 आप विधायक



**नई दिल्ली।** दिल्ली में 'ऑपरेशन लोटस' के मुद्दे पर गुरुवार को भी सियासी बवाल जारी है। मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के आवास पर विधायक दल की मीटिंग बुलाई गई थी, जिसमें डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया समेत 9 विधायक नहीं पहुंचे। हालांकि, सिसोदिया को लेकर पार्टी ने कहा कि वे हिमाचल दौरे पर गए हैं। वहीं सूत्रों के मुताबिक कुछ विधायकों से पार्टी हाईकमान का संपर्क भी नहीं हो पा रहा है।

मीटिंग के बाद केजरीवाल राजघाट पहुंचे और राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- भाजपा हमारे 40 विधायकों को खरीदना चाह रही है। सभी विधायकों को 20-20 करोड़ का ऑफर दिया जा रहा है। भाजपा 800 करोड़ रुपए खर्च कर दिल्ली सरकार गिराना चाहती है। 70 सीटों वाली दिल्ली विधानसभा में क्क के पास 62 और भाजपा के पास 8 सीटें हैं। आप के मुख्य प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा कि दिल्ली सरकार को कोई खतरा नहीं है। सरकार स्थिर है और जो विधायक नहीं आए हैं, वो अपने-अपने काम से बाहर गए हैं। भाजपा ने हमारे 12 विधायकों को पार्टी छोड़ने के लिए ऑफर दिया है। केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने इस मामले में आम आदमी पार्टी पर पलटवार किया। उन्होंने कहा, हमें आपकी सरकार तोड़ने की जरूरत नहीं है। केजरीवाल बताएं कि जेल में बंद मंत्री सत्येंद्र जैन को अब तक क्यों नहीं हटाया गया है।

### भाजपा ने दिल्ली में सिसोदिया का पुतला जलाया

*शराब नीति मामले भ्रष्टाचार को लेकर भाजपा ने मनीष सिसोदिया के खिलाफ दिल्ली में प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष आदेश गुप्ता के नेतृत्व में पार्टी नेताओं ने मनीष सिसोदिया का पुतला भी जलाया।*

# पीएमएल के दो नियमों का रिव्यू करेगी सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट पर दिए गए अपने फैसले का रिव्यू करेगी। रिव्यू पिटीशन की सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हम काला धन और मनी लॉन्ड्रिंग रोकने के समर्थन में हैं, लेकिन हमें लगता है कि कुछ मुद्दों पर फिर से विचार करने की जरूरत है।



सुप्रीम कोर्ट ने इस एक्ट के दो नियमों को लेकर केंद्र को नोटिस भेजा है। मुख्य न्यायाधीश एनवी रमना, जस्टिस दिनेश माहेश्वरी और जस्टिस सीटी रविकुमार की बेंच ने मामले की सुनवाई की। यह सुनवाई ओपन कोर्ट में हुई, यानी इसमें मीडिया और आम लोगों को कोर्ट की कार्यवाही में देखने के लिए शामिल होने दिया गया। कोर्ट ने 27 जुलाई को क्क्रू के विभिन्न प्रावधानों की संवैधानिकता को चुनौती देने वाली 241 याचिकाओं पर फैसला सुनाते हुए इस एक्ट के तहत प्रवर्तन निदेशालय को मिले गिरफ्तारी के अधिकार को बरकरार रखा था।

# पीएम सुरक्षा में चूक मामले में पंजाब पुलिस की लापरवाही

चंडीगढ़। पंजाब में 5 जनवरी को पीएम नरेंद्र मोदी की सुरक्षा चूक में फिरोजपुर के स्स्क्क हरमनदीप हंस ने सही ढंग से कदम नहीं उठाए। उन्होंने पीएम की सुरक्षा में तैनात केंद्र के अफसरों को सहयोग नहीं किया।




एसएसपी को पीएम के सड़क मार्ग से जाने के बारे में 2 घंटे पहले सूचना दी जा चुकी थी। इसके बावजूद उन्होंने रूट क्लियर नहीं कराया। गुरुवार को सुप्रीम कोर्ट में पीएम सिक्योरिटी चूक पर हुई सुनवाई के दौरान यह तथ्य सामने आए। सुप्रीम कोर्ट की तरफ से बनाई जस्टिस इंदू मल्होत्रा की रिपोर्ट में बताया गया है। सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने PM की सुरक्षा को लेकर पुलिस बल को बेहतर ट्रेनिंग देने की जरूरत पर जोर दिया। इसके बाद पूरा मामला केंद्र सरकार के पास भेज दिया गया है। वहीं इसको लेकर एक कमेटी बनाने के लिए भी कहा है।

### पेगासस पर सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई

## कमेटी ने रिपोर्ट में कहा- जासूसी की जांच में केंद्र नहीं कर रहा सहयोग

**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट में चीफ जस्टिस एनवी रमना की बेंच में गुरुवार को पेगासस जासूसी केस में सुनवाई हुई। इस दौरान सुप्रीम कोर्ट की बनाई हुई कमेटी ने बताया कि उन्हें जासूसी के शक में 29 फोन दिए गए थे, जिनमें से 5 फोन में मालवेयर मिला, लेकिन वो पेगासस था, ये कन्फर्म नहीं कहा जा सकता। कमेटी ने अपनी रिपोर्ट में यह भी कहा कि केस में केंद्र सरकार की ओर से सहयोग नहीं किया जा रहा है। चीफ जस्टिस ने कहा कि रिपोर्ट बड़ी है और



इसे पढ़ने में वक्त लगेगा, इसलिए अगली सुनवाई सितंबर के आखिरी हफ्ते में होगी। भारत सरकार ने 2017 में इजराइली कंपनी NSO ग्रुप से जासूसी सॉफ्टवेयर पेगासस खरीदा था। इस सॉफ्टवेयर को पांच साल पहले की गई 2 अरब डॉलर (करीब 15 हजार करोड़ रुपए) की डिफेंस डील में खरीदा गया था। इसी डिफेंस डील में भारत ने एक मिसाइल सिस्टम और कुछ हथियार भी खरीदे थे। इस बात का खुलासा अमेरिकी अखबार न्यूयॉर्क टाइम्स ने अपनी रिपोर्ट में किया था।

# केंद्र की तरह महंगाई भत्ते, व सातवें वेतनमान के अनुरूप गृहभाड़ा की मांग को लेकर मशाल रैली निकाली कर्मचारियों ने

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

**छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के बैनर तले अपने दो सूत्रीय मांगों को लेकर 22 अगस्त से जिले भर के शासकीय सेवक फिर से आन्दोलन में उतर गए हैं। इस अनिश्चित कालीन आंदोलन के चौथे दिन आज कर्मचारीयों ने मशाल रैली निकाली।**





रैली में अपनी मांगों को लेकर नारे भी लगाते रहे। संघ के ब्लॉक संयोजक बहादुर लाल कश्यप,गिरीश चन्द्र बेहेरा ने बताया कि केंद्र की तरह 34 प्रतिशत महंगाई भत्ता एवं सातवें वेतन मांन के आधार पर गृह भाड़ा भत्ता राज्य सरकार 2019 से देना बंद कर दिया है। तब से लगातार मांग करते आ रहे है पर सुनने को तैयार नहीं। मांगे पूरी नहीं होते तक आंदोलन जारी रहेगा। इस आन्दोलन में प्रदीप शर्मा,सुरेश नारायन शुक्ला,संतराम प्रधान, सुकान्त बेहेरा,गुलाब सिंह कश्यप, दयाराम सिन्हा,खिलावन राय,ओमप्रकाश ठाकुर,नेपाल चन्द्र यदु,केशरी कश्यप, गनपत कश्यप,दुल्लूराम सोरी,घनश्याम मिश्रा,सुरेश बघेल,सुरेश कश्यप,पूरनचंद्र सांडिल्य,धारम मांझी,चन्द्रधवाज कश्यप समेत समस्त कर्मचारी अधिकारी शामिल थे।

92 विभाग के कर्मचारी हड़ताल पर सिस्टम पटरी पर इस दो सूत्रीय मांग लो लेकर इस बार 92 कर्मचारी संगठन आंदोलन पर हैएऐसे में सारे सरकारी काम काज ठप्प पड़ा है। जनता से जुड़ी सरकारी योजनाएं हो या फि र कोर्ट की लिखा पढ़ी सारे काम काज ठप्प पड़ गए हैं। आंदोलन के दूसरे दिन लिपिक संघ वापस काम पर चले गए थे। जो 26 अगस्त से दोबारा आंदोलन पर बैठेंगे। अब तक लिपिकों के भरोसे थोड़ा बहुत सरकारी काम आगे बढ़ जा रहा था। जो 26 अगस्त से पूरी तरह से बाधित हो जाएगी।

## एक नजर

### मदिरापान की सुविधा देने पर सात के खिलाफ पुलिस कार्रवाई

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने के मामले में जिले के विभिन्न थानों के अंतर्गत 7 लोगों के खिलाफ आबकारी अधिनियम 36 सी के तहत पुलिस कार्यवाही की गई है। जिला पुलिस नियंत्रण कक्ष के प्रभारी से मिली जानकारी में बताया गया है किए सरायपाली पुलिस द्वारा आरक्षी क्षेत्र के ग्राम डोंगरीपाली निवासी सदानंद पिता अमर सिंह सिदार 38 साल और सरायपाली नगर के वार्ड नंबर 3 महल पारा निवासी वरुण पिता संतोष यादव 37 साल तथा सरायपाली के ही ताज नगर निवासी गिरधारी पिता रवि शंकर वैष्णव 55 साल। बसना पुलिस द्वारा ग्राम झापीमउहा के कीर्तीलाल पिता स्वर्गीय देवनाथ खड़िया 48 साल। सांकरा पुलिस द्वारा थाना क्षेत्र के ग्राम पिपलोद निवासी अश्वनी पिता संतोष कुमार तथा धीरज भाई पिता श्याम जी भाई 37 साल सहित खल्लारी पुलिस द्वारा ग्राम खुसरुपाली के कृष्णा पिता अमरुश यादव 32 साल के खिलाफ, आम लोगों को शराब पीने की सुविधा उपलब्ध कराने पर अपराध दर्ज किया गया है।

### 13 खदानों को कंपनियों ने किया सरेंडर, छत्तीसगढ़ के तीन कोल ब्लाक

**कोरबा** । एक तरफ कोयले का संकट से पावर प्लांट अभी भी पूरी तरह से उबर नहीं पाए हैं तो दूसरी तरफ आवंटित कोल ब्लॉक को कंपनियां शुरु नहीं कर पा रही हैं। प्रदेश के तीन कोल ब्लॉक को कंपनियों ने शुरु नहीं कर पाने की स्थिति में सरेंडर करने का अनुरोध किया है। कोयला मंत्रालय द्वारा मई में माफी योजना लागू की गई है। इसके मुताबिक आवंटित सरकारी कंपनियों को बिना किसी दंड के गैर प्रचालनरत कोयला खानों को सरेंडर करने के लिए वन टाइम विंडो की सुविधा दी गई है। बीते तीन महीने में देश भर के 13 कोयला खदानों को सरेंडर करने के लिए सरकारी कपंनियों ने कोल मंत्रालय से अनुरोध किया है। इसमें छत्तीसगढ़ के भी तीन कोल ब्लॉक हैं। इसमें से दो कोल ब्लॉक एनटीपीसी लिमिटेड को आवंटित हुए थे। जबकि एक कोल ब्लॉक गुजरात की सरकारी बिजली कंपनी गुजरात राज्य विद्युत कारपोरेशन लिमिटेड शामिल हैं। एनटीपीसी और जीएसईसीएल ने खदानों को सरेंडर करने का अनुरोध किया है। एनटीपीसी को बनई और भालूमुड़ा कोल ब्लॉक आवंटित हुई थी। जबकि गारे पाल्मा सेक्टर एक कोल ब्लॉक जीएसईसीएल को आवंटित हुई थी। प्रदेश की 12 और कोयला खदानें ऐसी हैं जो आवंटित होने के बाद भी शुरु नहीं हो पा रही है। इसमें से चोटियाए गारे पाल्मा के अलग-अलग चार सेक्टर, परसा ईस्ट, तलाईपाली, परसा, गिधपुरी, पटुरिया, मदनपुर साउथ कोल ब्लॉक को शुरु करने में देरी कर रहे बालको, हिंडाल्को, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत उत्पादन कंपनी, अंबुजा सीमेंट, आंध्रप्रदेश खनिज विकास निगम लिमिटेड को नोटिस जारी किया गया है।

# डॉ. किशन टंडन क्रांति ने आभार व्यक्त कर सभी मीडिया साथियों को हार्दिक दिल से धन्यवाद दिये

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।


डॉ.किशन टंडन क्रांति (वरिष्ठ साहित्यकार)

अत्यंत हर्ष के साथ आप आप सभी सम्माननीय गुरुजनों एवं साहित्यकार साथियों, दिल अजीज मित्रों, परिजनों, छत्तीसगढ़ कलमकार मंच, सतनाम साहित्य कला मंच, राष्ट्रीय कवि संगम, कांकेर साहित्यकार परिषद, अपना साहित्य मंच, छत्तीसगढ़ साहित्यिक मंच, वक्ता मंच, साहित्यकार ग्रुप, अज्जाक्स, सोजलीन्फ संयुक्त मोर्चा छत्तीसगढ़ एवं विशिष्ट प्रतिभा मंच के सम्मानित साथियों, छत्तीसगढ़ कलाकार संघ के सम्मानित कलाकार एवं पेंटर साथियों, सहपाठियों, देवियों, सज्जनों और उन तमाम लोगों का हृदय से शुक्रगुजार हूं जिन्होंने नोयडा इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी से समाजशास्त्र में मुझे डॉक्टरेट उपाधि प्राप्त होने पर शुभकामनाएं एवं बधाईयां दी हैं। मीडिया जगत के साथियों का भी विनम्र आभारी हूं। जिन्होंने समाचार को सुन्दर कवरेज दिया। सच में कल को किसी ने नहीं देखा है। लेकिन इतना तो अवश्य है कि सुनहरा भविष्य अचानक उतरकर नहीं आता।

इसके लिए हमें सकारात्मक सोच के साथ निरन्तर कार्य करना होता है। जीत का मूलमंत्र है। गिरो नौ बार, उठो दस बार। अविश्वास का भाव उनके मन में जनमता हैए जो वक्त के कारनामों के बारे में या तो सोचता नहीं अथवा निराश होकर प्रयासों को विराम दे देता है।

भारत की इतनी प्रतिष्ठित यूनिवर्सिटी, जहां विश्व भर से लोग विद्याध्ययन के लिए आते हैं। से पीएचडी की डिग्री मिलना मेरे लिए किसी सपने का सच होने जैसा है। इसका सूत्र यही था कि विपरीत हालातों के बावजूद मैंने अपने अन्दर के विद्यार्थी को कभी सोने नहीं दिया। बल्कि उसे निरन्तर जगाए रखा। लिखना और पढ़ना मेरे लिए भोजन की तरह है। रोज पढ़ता हूं कुछ सोचता हूं और लिखता भी हूं। भारत की स्वतंत्रता के अमृत महोत्सव की पावन बेला में यह जान लीजिए कि जीवन में कुछ भी असम्भव नहीं, बस मन से हार मत मानिए और उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए हर हाल में ऊर्जा का अपव्यय रोकिए। खुद को स्वीकार करने के अलावा दिन भर आसमान में उड़िए। लेकिन रात को जमीन पर जरूर आ जाइए।

## बंद कोरबा पूर्व में नए संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव रखेंगे सरकार के समक्ष

**कोरबा** । रायपुर से पहुंची सरकारी उपक्रमों संबंधी समिति ने छत्तीसगढ़ विद्युत उत्पादन कंपनी की हसदेव ताप विद्युत संयंत्र कोरबा पश्चिम व डा श्यामा प्रसाद मुखर्जी ताप विद्युत संयंत्र का दौरा किया। समिति के सभापति व विधायक सत्यनारायण शर्मा ने कहा कि बंद कोरबा पूर्व संयंत्र की जमीन जल्द ही खाली होने वाली है। इस पर नया विद्युत संयंत्र स्थापित करने का प्रस्ताव सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

सीएसईबी गेस्ट हाउस में पत्रकारों से चर्चा करते हुए शर्मा ने कहा कि संयंत्रों ने पर्यावरण संरक्षण के क्षेत्र में बेहतर काम किया है। संयंत्र परिसर व कालोनी में चारों तरफ हरियाली नजर आ रही। संयंत्र से निकलने वाले राख का भी समुचित निपटारण किया जा रहा।

# पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति के खिलाफ मिथ्या जानकारी देकर पंजीयन कराने का आरोप मनगढ़ंत और बेबुनियाद

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



पत्रकार गृह निर्माण सहकारी समिति मचेवा पं.क्रण. 823/2.6.2020 के संबंध में कतिपय विघ्नसंतोषी लोगों द्वारा भ्रम फैलाया जा रहा है, जो निष्पक्ष जांच से स्पष्ट हो जाएगा इसकी उच्च स्तरीय जांच के लिए सहकारिता मंत्री और पंजीयक सहकारी संस्थाएं छत्तीसगढ़ को पत्र लिखा गया है। इस संबंध में संस्था के अध्यक्ष आनंदराम पत्रकारश्री, उपाध्यक्ष दिनेश पाटकर, जिला सहकारी संघ प्रतिनिधि संजय महंती, पूर्व अध्यक्ष व संचालक सदस्य उत्तरा विदानी, संचालक सदस्यगण विपिन दुबे, जसवंत पवार, मीना बाबूलाल साहू, धर्मीन पोषण कन्नौजे, राखी रत्नेश सोनी, अनिता संजय यादव, लोकेश साहू ने मीडिया को जारी बयान में कहा है कि मिथ्या जानकारी देकर संस्था का पंजीयन कराने का आरोप बेबुनियाद है।

इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के तथाकथित पत्रकारों द्वारा तथ्यों की गलत व्याख्या कर उप पंजीयक सहकारी संस्थाएं महासमुन्द को दिग्भ्रमित करने का प्रयास किया जा रहा है। इसके खिलाफ संस्था द्वारा कानूनी कार्रवाई की जा रही है। पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर और लाभ नहीं मिलने से बौखलाहट में शिकायत करने वाले विघ्नसंतोषी लोग छत्तीसगढ़ के मूल निवासी नहीं हैं। पलायन कर आए हुए लोग छत्तीसगढ़ी लोगों पर हुकूमत करने का असफ ल प्रयास कर रहे हैं। इसकी जानकारी भी छत्तीसगढ़ी मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को दी गई है। ये वही लोग हैं जो मुख्यमंत्री का बहिष्कार करने की धमकी देकर जिला प्रशासन पर अनर्गल दबाव बना रहे हैं। इस मामले में भी जांच अधिकारी से मिलीभगत करके तथ्यों को तोड़ मरोड़कर प्रस्तुत किया गया है। संस्था के किसी भी सदस्य ने कोई मिथ्या जानकारी नहीं दी है। कुछ बिंदुओं पर जांच अधिकारी ने शिकायतकर्ताओं से मिलीभगत कर संस्था का समुचित पक्ष जाने बिना, शिकायतकर्ताओं के तथाकथित फर्जी बयान जो जांच रिपोर्ट में संलग्न ही नहीं है, के आधार पर गलत व्याख्या की है। जिससे समूची जांच कार्रवाई संदेहास्पद है, यह जांच, समिति के 27 सदस्यों वाले पत्रकार परिवार को स्वीकार्य नहीं है। कार्यक्षेत्र का चिन्हांकन प्रस्तावित भूखण्ड मचेवा को केंद्रित कर किया गया है अर्थात समिति का कार्यक्षेत्र ग्राम पंचायत मचेवा तक सीमित है प्रवर्तक सदस्य वहीं के निवासी हो इसकी बाध्यता नहीं है। यदि ऐसा होता तो तत्कालीन उप पंजीयक पंजीयन ही नहीं कर सकते थे। जैसे त्रिमूर्ति गृह निर्माण सहकारी समिति महासमुन्द का कार्यक्षेत्र महासमुंद है। तब दूसरे क्षेत्र महासमुंद से बाहर के लोग यहां सदस्य कैसे बने हैं। कॉलोनी बसने पर प्रवर्तक सदस्य स्वमेव कार्यक्षेत्र के स्वाभाविक निवासी हो जाते हैं। किसी भी गृह निर्माण सहकारी समिति के प्रवर्तक सदस्य उस क्षेत्र के निवासी भला कैसे हो सकते हैं, यह तो अव्यवहारिक उपविधि है। यदि मिथ्या शिकायत को थोड़ी देर के लिए सही भी मान लिया जाए तो तत्कालीन संगठक और उप पंजीयक क्या निरक्षर थे, जिन्होंने विधि विरूद्ध कथित तौर पर समिति का पंजीयन कर दिया। यदि थोड़ी देर के लिए यह भी मान लिया जाए कि कथित तौर पर गलत जानकारी दी गई है, जिस पर पत्रकार गृह निर्माण समिति का पंजीयन हुआ। तब भी यह ज्वलंत सवाल है कि जिस अधिकारी ने निर्वाचन संपन्न कराया है, वही अधिकारी कुछ खुरापाती पत्रकारों के दबाव में जांच अधिकारी की हैसियत से पंजीयन में गड़बड़ी बता रहे हैं। तब उन्होंने कथित तौर पर गलत ढंग से पंजीकृत समिति का पंजीयन पश्चात प्रथम निर्वाचन क्या आंखें बंद करके करा दिया। तब उन्हें नियम का ज्ञान नहीं था।

# आयुष पाली क्लीनिक में हुई शुगर और बीपी की नि:शुल्क जांच



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला आयुर्वेद अधिकारी जिला महासमुंद, डॉक्टर विजय साहू के निर्देशानुसार 25 अगस्त को शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद में नियमित रूप से प्रत्येक गुरुवार को आयोजित होने वाले सियान जतन क्लिनिक पर्व वृद्धजनों हेतु विशेष ओपीडी में नि:शुल्क शुगर, रक्तचाप एवं वजन का जांच किया गया। प्रभारी शासकीय आयुष पॉली क्लिनिक महासमुंद, डॉक्टर सर्वेश दूबे, एमडी आयुर्वेदद्ध के द्वारा लोगों को मधुमेह तथा उच्च रक्तचाप के बारे में जानकारी दी गई। इस दौरान डॉक्टर दूबे ने बताया कि जितना जल्दी हम मधुमेह और उदय रक्तचाप को पहचान लेते हैं उतना ही आसान उसका प्रबंधन हो जाता है। आज स्थिति यह है कि भारत को मधुमेह की राजधानी कहा जाता है। हमारे देश में आज लगभग साढ़े सात करोड़ मधुमेह के रोगी हैं जो कि एक अनुमान के अनुसार के 2045 तक साढ़े तेरह करोड़ हो जायेंगे। हमारे देश में बीमारियों से जो मौतें होती हैं उनमें गैर संचारी रोगों का प्रतिशत साठ प्रतिशत से भी अधिक है। गैर संचारी रोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप महत्वपूर्ण इसलिए हो जाते हैं कि ये दयाधियां स्वयं जो दुष्प्रभाव डालती हैं वह तो अलग बात है साथ ही साथ यदि कोई अन्य बीमारी हो गई तो उसके अवस्था को और बिगाड़ देती हैं। कोरोना के संक्रमण में हम लोगों ने देखा कि जो लोग ऐसी गंभीर बीमारियों से पीड़ित थे उनको बुरी अवस्था से गुजरना पड़ा यहां तक कि मौत के आंकड़ों में भी काफी वृद्धि हुई। बहुत अधिक समय बीत जाने पर मधुमेह और उच्च रक्तचाप शरीर के अन्य अगों को अधिक हानि पहुंचा देते हैं। गैर संचारी रोगों में मधुमेह और उच्च रक्तचाप प्रमुख हैं जो कि हमारे जीवन शैली में व्यतिक्रम से उत्पन्न होते हैं। ऐसे सभी लोग जिनका कि वजन अनियंत्रित है और परिवार में भी इन बीमारियों की हिस्ट्री है तो ऐसे लोगों को समय समय पर रक्तचाप और ब्लड शुगर का जांच करवाना ही चाहिए। बहुत अधिक पेशाब का होना, बार-बार होना। अधिक भूख लगना, वजन का घटना, अधिक प्यास, पैरों में सुन्नता, नसों में झनझनाहट, घाव का देरी से भरना, थकान लगना, शारीरिक कमजोरी होना आदि हो तो मधुमेह की आशंका की जा सकती है। सिर में दर्द रहना, शिर में भारीपन, चक्कर आना, नाक से खून आ जाना, आंखों से ठीक से दिखाई न देना, मिचली आना, मांसपेशियों में दर्द बना रहना, चेहरे पर काले धब्बे आना आदि लक्षण मिलने पर चिकित्सक से सम्पर्क अवश्य करें। आपको मधुमेह या उच्च रक्तचाप की बीमारी हो सकती है। प्रतिदिन व्यायाम, मादक पदार्थों का सेवन न करना, वजन को नियंत्रित रखना, पौष्टिक आहार सेवनए चीनी और नमक की मात्रा को नियंत्रित रखना आदि आचरण बहुत आवश्यक है। दैनिक दिनचर्या में।

## बढ़ती महंगाई के खिलाफ हाट बाजार में कांग्रेस ने किया प्रदर्शन

**कोरबा** । देश में बढ़ती महंगाई, बेरोजगारी और खाद्य पदार्थों में जीएसटी के खिलाफ जिला कांग्रेस व ब्लाक कांग्रेस के संयुक्त तत्वावधान में बाल्को हाट बाजार में हल्ला-बोल कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस मौके पर महापौर राजकिशोर प्रसाद ने कहा कि केंद्र सरकार मंहगाई को नियंत्रित नहीं कर पा रही है। उन्होंने बताया कि हल्ला बोल के दौरान पार्टी कार्यकर्ता व नेता जनता से देश में बढ़ती महंगाई, केंद्र सरकार की गलत नीतियों को लेकर भी चर्चा करेंगे और उन्हें बताएंगे कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों के चलते ही देश में महंगाई और बेरोजगारी बढ़ रही है।

## गंदा पानी से नाराज कालोनी की महिलाओं ने किया चक्काजाम

**कोरबा** । कोयला लोड ट्रक व ट्रेलरों के आवागमन से कीचड़ होने व गंदा पानी कालोनी में घूसने से नाराज दीपका कालोनी की महिलाओं ने चक्काजाम कर दिया। लगभग पांच घंटे चले आंदोलन की वजह से गौरव पथ में वाहनों की आवाजाही थम गई। एसईसीएल के अधिकारियों द्वारा सफाई कराने व सूखे दिनों में धूल प्रदूषण रोकने के लिए पानी छिड़काव करने का आश्वासन दिया, तब आंदोलन समाप्त हुआ। साउथ इस्टर्न कोलफिल्डस् लिमिटेड एसईसीएल दीपका व गेवरा खदान से निकलने वाले कोयले का परिवहन भारी वाहनों के माध्यम से सड़क मार्ग से भी किया जाता है।

# अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका की बंद मूत्रालय में मिला 45 पव्वा देशी शराब

नगर पालिका अध्यक्ष महिलांग ने बंद मूत्रालय में पीने और पिलाने की व्यवस्था को किया ध्वस्त



जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

नगर पालिका द्वारा शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के कार्यवाही के दौरान बिन्नी बाई सब्जी मार्केट में बंद पड़े मूत्रालय से 45 पव्वा देशी शराब और दो बोरी शराब की खाली बोतल बरामद किया गया है। जिसे नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग ने पुलिस के हवाले किया। वहीं मूत्रालय और उससे लगे एक ठेले में अघोषित रूप से बनाए गए आहता को भी जेसीबी से ढ़हाया गया।

शहर में स्वच्छता, व्यवस्था और सुरक्षा अभियान के दूसरे दिन नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग, सभापति निखिलकांत साहू, पवन पटेल, पार्षद महेन्द्र जैन, हफीज कुरेशी, मंगेश टांकसाले एल्डरमैन जावेद चौहानए सुनील चंद्राकर, सीएमओ आशीष तिवारी, ट्रैफिक, पुलिस प्रशासन सहित पालिका के विभाग प्रमुख और कर्मचारी की संयुक्त टीम राष्ट्रीय राज मार्ग 353 पर निकले। टीम ने मुख्य मार्ग से लगे कुछ दुकानों के बाहर रखे होडिंग्स को जब्त किया। और डस्टबिन दुकानों के सामने रखने की हिदायत दी। इंदिरा मार्केट के कुछ दुकानदारों द्वारा नेशनल हाईवे द्वारा बनाए गए नाली पर 35-40 फ ीट स्लेव ढ़लाई देखकर नगर पालिका अध्यक्ष राशि त्रिभुवन महिलांग भड़क उठी। इस दौरान पालिका अध्यक्ष महिलांग ने दुकानों का निर्धारित स्थान को छोड़कर मार्किंग कर स्लेव तोड़ने के निर्देश दिए। नपाध्यक्ष महिलांग ने व्यापारियों से आग्रह करते हुए कहा कि इतने लंबी स्लेव ढ़लाई करने से कर्मचारी नालियों की सफ ाई कैसे कर सकते हैं। नपाध्यक्ष महिलांग ने सभी व्यापारियों से अपील करते हुए गुरु घासीदास बस स्टैंड के पिछले हिस्से में सब्जी मार्केट से लगे बंद पड़ी मूत्रालय के पास शराब बेचने व पीने पिलाने की मिली शिकायत पर कार्रवाई करते हुए मूत्रालय और उसी से लगे आहता नुमा ठेल के पास देशी शराब के बहुत सारे ढ़क्कन देख कर शंका जाहिर करते हुए मूत्रालय में लगे ताला तोड़ने के निर्देश दिए। बाद जेसीबी मशीन से गेट को तोड़ा गया। अंदर देखने पर सब्जी के कैरट में 45 पव्वा देशी शराब और दो बोरी भर कर खाली बोतल पाया गया। नपाध्यक्ष महिलांग ने शराब और खाली बोतल पुलिस के हवाले किया। उन्होंने मूत्रालय और अघोषित रूप बनाएं गए आहता को तोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही उक्त ठेले को वहां से हटाने को कहा। बाद सब्जी व्यापारियों से नगर पालिका द्वारा आबंटित आहता के दायरे में सब्जी बेचने की अपील की।

# एबीवीपी के कार्यकर्ताओं ने छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष रूप से कराने, महाविद्यालयों में सौंपा ज्ञापन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

**अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद हमेशा से यह मानते आया है कि छात्र कल का नहीं अपितु आज का नागरिक है। किसी भी लोकतांत्रिक देश के नागरिकों में लोकतांत्रिक मूल्यों का जीवित रहना अत्यंत आवश्यक है**







लोकतांत्रिक मूल्य सतत रूप से सीखने की प्रक्रिया का एक हिस्सा विश्वविद्यालय एवं महाविद्यालय। भी हैं। इसी बीच अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद बेमेतरा जिला के कार्यकर्ताओं ने, बेमेतरा जिला के सभी प्रमुख महाविद्यालयों में ज्ञापन सौंपा व छात्र संघ चुनाव को प्रत्यक्ष रूप से कराने की मांग किया।

जिसमें बेमेतरा जिला के जिला संयोजक दुर्गेश वर्मा ने बताया की एबीवीपीजिला के सभी कॉलेजों में लगातार सक्रिय है। चाहे कोरोना काल के समय ऑनलाइन एग्जाम में प्रश्न पत्र पहुंचाने की सुविधा हो अथवा जमा करने की एबीवीपी जिला बेमेतरा के कार्यकर्ताओं ने विद्यार्थियों के बीच लगातार सक्रिय भूमिका निभाए हैं। अगर छात्र संघ चुनाव होता है तो निश्चित रूप से समस्त विद्यार्थियों का समर्थन एबीवीपी को ही प्राप्त होगा। सभी महाविद्यालयों में ज्ञापन वहां के नगर मंत्रियों के द्वारा सौंपा गया।

पीजी कॉलेज बेमेतरा में नगर सह मंत्री वासुदेव साहू, बेरला महाविद्यालय में बेरला इकाई के नगर सह मंत्री शैलेंद्र साहू, साजा महाविद्यालय में साजा के नगर मंत्री रंजीत राजपूत नवागढ़ महाविद्यालय में नवागढ़ इकाई के नगर मंत्री प्रशांत रजक रहे।

# चीतल का मांस मिलने पर वन विकास निगम की कार्यवाही, 5 गिरफ्तार

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



रतनपुर कोटा मार्ग स्थित भैसाझार नर्सरी के पास मेडरापारा के आसपास के जंगलों से चितलो का शिकार करने की घटना सामने आई है। वन विकास निगम के एसडीओ ने बताया कि उन्हें उनके स्टाफ के द्वारा मोबाइल से सूचना मिली कि चीतल का मांस मेडरापारा के पास मिला है जिस पर एसडीओ ने मौके पर जाकर देखा तो एक बोरी और एक थैले में चीतल का मांस लावारिस जगह पर एक शौचालय में मिला। बताया गया कि वहां पर किसी ने इसे छुपाया है ऐसा प्रतीत हो रहा है जिस पर डॉग स्क्वायड की मदद ली गई। तब डाग के द्वारा आसपास के दो घरों पर पहुंचने से वहां हड़कंप मच गया। वन विभाग के द्वारा घर में तलाशी लेने से पका हुआ मांस मिला पूछताछ करने पर पता चला की दुर्गेश और रोहित नामक व्यक्ति से घरवालों ने मांस खरीदा है तब दुर्गेश और रोहित की पतासाजी की गई। पर आरोपी नहीं मिले और उनके परिजनों को संदेह के आधार पर गिरफ्तार किया गया है फिलहाल आरोपी अभी फरार है वन विकास निगम की एसडीओ भुनेश्वरी अदिति का कहना है कि फिलहाल इस पर अभी जांच जारी है किस हथियार से काटा गया कहां पर शिकार किया गया यह भी जांच का विषय है इनके द्वारा यह भी बताया गया की भैसाझार नर्सरी के आसपास लगभग दो से ढाई सौ चितल का आना जाना यहां पर लगा रहता है और हमें समय-समय पर चितल की शिकार करने वालों के कुछ जाली वगैरा समय-समय पर मिलते रहते हैं जिसे हमारे द्वारा निकलवाया जाता है इस बात से ही अंदाजा लगाया जा सकता है कि वन विकास निगम के मातहत अधिकारी से लेकर कर्मचारी तक की लापरवाही का ही नतीजा है कि चितल के शिकार करने वालों के हौसले बुलंद हैं और आए दिन चीतल का शिकार किया जा रहा है अब देखने वाली बात यह होगी कि इन आरोपियों की गिरफ्तारी कब तक होती है और इन पर क्या कार्यवाही की जाती है या यूं ही हमेशा की तरह मामला को रफ-दफा कर दिया जाएगा यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# कथा श्रवण करने से भव सागर पार होते हैं-अमित यादव

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।




बेमेतरा में चल रहे महाशिवपुराण कथा के चतुर्थ दिवस पर भगवान शिव पार्वती के विवाह के पश्चात संध्या आरती में सामिल हुए अमित यादव जनसेवक जहां पर कथा वाचक दीदी पुष्पांजलि से आशीर्वाद प्रदान कर क्षेत्रवासियों के लिए सुख समृद्धि कामना किया है आज हरी लीलामृत सेवा संस्थान के तत्वाधान में दिव्य सवा लाख पर्थिवश्वर महारुद्राभिषेक एवं संगीतमय शिव महापुराण दिनांक 19 अगस्त से 26 अगस्त 2022 तक स्थान कृषि उपज मंडी प्रांगण बेमेतरा में कथा समय दोपहर 1 से 5 तक किया जा रहा है। जिसमें प्रथम दिन कलश यात्रा 19 अगस्त शुक्रवार प्रात 10 बजे से प्रारंभ हुआ था जिसके मुख से कथा रसपान कराया जा रहा है अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कथा बाल साध्वी मानस पुत्री दीदी पुष्पांजलि वृन्दावन धाम उत्तर प्रदेश, के द्वारा रसपान कराया जा रहा है जिसमें आयोजक समिति स्वयं शिव माता पार्वती एवं संपूर्ण शिव भक्तजन जिला बेमेतरा।



# 4 सितंबर को राजिम में होगी प्रदेश गुप्ता समाज की बैठक

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




## कसौधन वैश्य गुप्ता समाज की बैठक में बनी सहमति

कसौधन वैश्य गुप्ता समाज महासमुंद इकाई ने जोन क्रमांक 3 रायपुर की बैठक आयोजित की। बैठक में रायपुर, धमतरी, राजिम, आरंग, दुर्ग, भिलाई इकाइयों के महिला पुरूष पदाधिकारी सदस्यों की उपस्थिति रही। बैठक में जोन क्र.3 रायपुर उपाध्यक्ष अविनाश गुप्ता, भिलाई संरक्षक रामकुमार गुप्ता। बैहार राजकुमार गुप्ता, प्रदेशाध्यक्ष शीला गुरू गोस्वामी,दीपशिखा गुप्ता, ज्योति गुप्ता, साहेब बीएन गुप्ता, राजेन्द्र गुप्ता, अनंत गुप्ता मंचस्थ रहे। अतिथियों ने सर्वप्रथम महर्षि किया। बैठक में जोन क्रण.3 की को गढ़ बनाने नौ अक्टूबर को कश्यप की पूजा-अर्चना आरती मेजबानी में राजिम में प्रदेश गुप्ता भिलाई में जोन स्तरीय पारिवारिक की। भावना गुप्ता, अमिता गुप्ता, समाज की बैठक हेतु चार सितंबर स्नेह सम्मेलन हेतु सहयोग राशि रोमा गुप्ता ने स्वागत गीत प्रस्तुत को सहमति, जोन क्र. 3 रायपुर प्रत्येक सदस्यों से लेना तय किया गया। गढ़ निर्माण हेतु संविधान का प्रारूप राजेन्द्र गुप्ता धमतरी ने प्रस्तुत किया। गायत्री गुप्ता, आरती गुप्ता, सरस्वती गुप्ता, पुष्पा गुप्सा, उषा गुप्ता, किरण गुप्ता, अनिल गुप्ता, कन्हैया गुप्ता, जानकी गुप्ता ने भी विचार रखे। जोन सभा अध्यक्ष, संरक्षक ने धन्यवाद ज्ञापित किया। अतिथियों का विनय गुप्ता ने आभार प्रदर्शन किया। राष्ट्रगीतए दिवंगत सदस्यों को श्रद्धांजलि अर्पण के साथ बैठक का समापन किया गया। सभा का संचालन पूर्व प्रदेश महासचिव राजकुमार गुप्ता महासमुंद ने किया। उपरोक्त जानकारी मीडिया प्रभारी गौरव गुप्ता ने दी है।

## एक नजर

# भूपेश सरकार के वरिष्ठ मंत्री का सफेद झूठ शर्मनाक और युवाओं का अपमान है-राकेश चंद्राकर

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।



राज्य सरकार के वरिष्ठ मंत्री रविंद्र चौबे का सार्वजनिक पत्रकारवार्ता में झूठ बोलना बेहद शर्मनाक है व युवाओं का अपमान है यह बात प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए नगर पंचायत अध्यक्ष व वरिष्ठ भाजपा नेता राकेश चन्द्राकर ने कही। राज्य की कांग्रेस सरकार ने चुनाव पूर्व अपनी जन घोषणा में 2500 रुपए महीने देने का दम भरा था। ऐसे में वो सरकार भी बना लिए आज करीब साढ़े तीन वर्ष का कार्यकाल पूरा होने जा रहा है ऐसे में राज्य के युवा अपनी हक मांगने सड़कों पर उत्तर आए है। युवा मोर्चा के द्वारा बेरोजगारी भत्ता का मांग को लेकर राजधानी में मुख्यमंत्री निवास घेराव कार्यक्रम जारी था। ऐसे में राज्य सरकार के प्रवक्ता व वरिष्ठ मंत्री रविन्द्र चौबे के द्वारा कोरा झूठ पत्रकारवार्ता में बोलना की हमने अपनी किसी भी जन घोषणा पत्र में बेरोजगारी भत्ता का उल्लेख ही नही है एक सरकार के वरिष्ठ मंत्री का इस प्रकार झूठ बोलना राज्य के लाखों युवाओं के साथ खिलवाड़ व अपमान है ऐसे झूठे राज्य सरकार के मंत्रियों को आने वाले समय में राज्य के युवा इनका सही जवाब देगा।

# कोतवाली थाना क्षेत्र से 14 साल की नाबालिक का अपहरण

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

जिला मुख्यालय से लगे ग्राम भीमचा की एक 14 वर्षीया नाबालिक का अज्ञात द्वारा अपहरण कर लिया गया हैए पिता की रिपोर्ट पर सिटी कोतवाली पुलिस द्वारा भारतीय दंड संहिता की धारा 363 ; अपहरण द्ध का अपराध दर्ज कर विवेचना की जा रही है। घटना 23 अगस्त के दोपहर 1:30 बजे की बताई गई है। पुत्री के गायब होने के बाद पिता ने अपने स्तर पर, पतासाजी की कोशिश की, जिस पर नाकाम रहने के बाद उसने कोतवाली पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

# सुंदर चाप सेंटर के संचालक ने की मारपीट, जुर्म दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

होटल संचालक द्वारा दूसरे होटल में कार्य कर रहे मिस्त्री से मारपीट करने का मामला सामने आया है। कोतवाली पुलिस ने मिस्त्री की पत्नी की शिकायत पर आरोपी होटल संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज किया है। पुलिस को वार्ड 19 गंजपारा निवासी पुष्पा यादव ने बताया कि पति मनीष यादव सुन्दर चाप सेंटर में लगभग 1 माह पूर्व मिस्त्री का काम कर रहे थे। होटल मालिक सुन्दर साहू ने किसी बात को लेकर काम छुड़वा दिया। पति सुन्दर से 10 हजार रुपए कर्ज लिया था जिसमें 7500 रुपए वापस कर चुके हैं। उनके होटल में काम करना छोड़ दी है। वर्तमान में पति बेलसोंडा के राम होटल में मिस्त्री कार्य कर रहे हैं। 24 अगस्त को 12 बजे सुन्दर साहू राम होटल आया और मेरे यहां काम छोड़ चुका है और मेरा रुपए वापस नहीं कर रहा है। कहकर अश्लील गाली गलौज करते जान से मारने की धमकी देते लकड़ी से पति के साथ मारपीट की। पुलिस ने मामले में आरोपी होटल संचालक ने 294, 323, 506 के तहत जुर्म दर्ज किया है।

# अज्ञात वाहन की ठोकर से मोटरसाइकिल सवार की मौत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

उड़ीसा से इलाज करवा कर वापस लौट रहे जिले के सराईपाली निवासी सुभाष नायक पिता निरंजन नायक 38 साल की अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार देने से मौत हो जाने पर सिंघोड़ा पुलिस द्वारा भारतीय दंड विधान की धारा 304, के अंतर्गत अज्ञात वाहन के चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार सरायपाली के महल पारा निवासी सुभाष नायक कुछ समय पूर्व दाहिना पैर टूट जाने से, सोहेला उड़ीसा में उसका उपचार नियमित रूप से करा रहा था। बीते 7 अगस्त को दोपहर में वह सोहेला से वापस लौट रहा था तभी ग्राम छूईपाली के पास एन एच 6 पर किसी अज्ञात वाहन द्वारा ठोकर मार देने के बाद, सुभाष नायक को उपचार हेतु सरकारी अस्पताल सरायपाली लाया गया था जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पुलिस द्वारा मर्ग कर कायम कर विवेचना की जा रही थी। जिस पर कल 24 अगस्त को आरोपी अज्ञात वाहन चालक के खिलाफअपराध पंजीबद्ध किया गया है।

# एएसपी बेमेतरा ने किया महिला सेल का निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



पुलिस अधीक्षक बेमेतरा धर्मेन्द्र सिंह के निर्देशन पर अति. पुलिस अधीक्षक पंकज पटेल ने महिला सेल का निरीक्षण किया। एएसपी द्वारा निरीक्षण के दौरान उपस्थित अधिकारी कर्मचारियों का मनोबल बढाये जाने के साथ कानून व सुरक्षा व्यवस्था को बनाये रखते हुए बेहतर पुलिसिंग के बारे में निर्देश दिया गया। एएसपी ने निरीक्षण के दौरान पुलिस स्टाफ को हमेशा खुश रहने का टिप्स दिये व उनकी समस्याओं को सुनते हुए यथोचित निराकरण का आश्वासन दिया गया। तथा महिला सेल की साफ-सफाई हेतु विशेष ध्यान रखने तथा महिला सेल में प्राप्त शिकायतो का समय पर काउंसिलिंग कार्यवाही करने एवं महिला सेल में शिकायत करने आये महिला आगंतुक, रिपोर्टकर्ता से संयमित व्यवहार करने एवं उनकी शिकायतो को गंभीरता पुर्वक लेते हुये उचित कार्यवाही करने निर्देश दिये गये। निरीक्षण के दौरान महिला सेल प्रभारी उप निरीक्षक नीता राजपूत, महिला प्रधान आरक्षक पुनम ठाकुर, रीना गायकवाड, आरक्षक ऋतु यादव, एएसपी कार्यालय से प्रधान आरक्षक चंद्रशेखर सिंह, आरक्षक राजेश नाथ योगी, मनीष देवांगन एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

# जैविक किसान अवॉर्ड से सम्मानित हुए किशोर राजपूत

## राजस्थान के कृषि मंत्री लालचंद कटारिया थे मुख्य अतिथि

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



नगर पंचायत नवागढ़ के युवा किसान किशोर कुमार राजपूत को औषधीय फसलों की व्यवसायिक खेती जैविक पद्धति से करने के लिए भारतीय जैविक किसान उत्पादक संघ व आईआईएएसडी के तत्वावधान में 20 व 21अगस्त पिंजरापोल गौ शाला के सुरभि भवन टोंक रोड जयपुर में लालचंद कटारिया पशुपालन और कृषि मंत्री राजस्थान सरकार, दिनेश गिरी महाराज प्रदेश अध्यक्ष गौ सेवा समिति राजस्थानएराष्ट्रीय संत 1008 महामंडलेश्वर स्वामी हितेश्वर नाथ महाराज संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष अतुल गुप्ता ने जैविक किसान अवार्ड 2022 से सम्मानित किया। ज्ञातव्य हो कि भागोलिंक दृष्टिकोण के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य देश के तीसरे सबसे बडा वन संपदाओ से भरा हुआ प्रदेश है। यहां के जंगलों में अनेक प्रकार के जीवनोंपयोगी जड़ी बूटियां पाई जाती हैं। इसलिए छत्तीसगढ़ राज्य को हर्बल स्टेट का दर्जा प्राप्त है। परंतु औषधीय गुणों से भरपूर इन पौधों की पत्तियां,तना, जड़, फ ल,फू ल का अत्यधिक उपयोग करने के कारण से जंगलों से जड़ी बूटियां विलुप्त होते जा रहा है। अंतरराष्ट्रीय बाजार की मांग को पूरा करने के लिए व्यवसायिक खेती करने की आवश्यकता है। छत्तीसगढ़ राज्य देश का पहला ऐसा राज्य है जहां खेतों को जहर मुक्त बनाने के लिए गाय का गोबर और गोमूत्र खरीदी शुरू किया गया है। इन्ही गोबर और गोमूत्र से औषधीय पौधों की व्यवसायिक खेती किशोर कुमार राजपूत के द्वारा किया जा रहा है। और राष्टीय अंतर्राष्ट्रीय हर्बल बाजार में अच्छे दाम में बेच रहे हैं। साथ ही साथ अन्य किसानों को पारंपरिक फसलों के साथ औषधीय फसलों की व्यवसायिक खेती करने के लिए प्रेरित कर रहे हैं। कार्यक्रम के संयोजक प्रशांत चतुर्वेदी ने बताया कि समारोह में जैविक खेती से संबंधित प्रशिक्षण, अनुसंधान, व्यवसाय एवं प्रायोगिक शिक्षा से संबंधित दशकों का अनुभव रखने वाले सुरेश ज्ञान विहार विश्वविद्यालय जयपुर के मुख्य सलाहकार डॉ. सुधांशु, अंतरराष्ट्रीय उन्नत कृषि कौशल विकास संस्थान की निदेशक डॉ. रोहांगीज हयाती दहियाए अभिलाषी विश्वविद्यालय के एसो.प्रो. एवं निदेशक अनुसंधान डॉ. अजय कुमार गौतम तथा कृषि विशेषज्ञ अमोल खंदारे के मार्गदर्शन में प्रशिक्षण सत्र हुआ। साथ ही रेगिस्तानी पौधे को पूरे जीवन काल में 1 लीटर पानी से पनपाने की तकनीक विकसित करने वाले नवाचारी किसान वैज्ञानिक व पद्मश्री से अलंकृत सुंडाराम वर्मा ने नवाचारी किसानों का मार्गदर्शन किया। वहीं, जैविक कृषि पर आधारित सब्जियों में प्रति पौधे से प्राप्त उत्पादन का विश्व रिकॉर्ड स्थापित कर देश का नाम रोशन करने वाले पदमश्री जगदीश प्रसाद पारीक का विशेष सत्र हुआ। इस अवसर पर नेशनल मेडिशनल प्लांटस बोर्ड के रीजनल डायरेक्टर, नॉर्थन रीजन प्रथम डॉ.अरूणचंदन व बोर्ड के सदस्य राजस्थान यूनिवर्सिटी ऑफ वेटेनरी एंड एनिमल सांइसेजए बीकानेर के पूर्व कुलपति डॉ. विष्णु शर्मा, पदमश्री हुकमचंद पाटीदार, प्राकृतिक खेती शोध संस्थान के संस्थापक ताराचंद बेल जीए वरिष्ठ कृषि पत्रकार डॉक्टर महेंद्र मधुप, जय श्रीवास्तव, राहुल दीक्षित, हृदयेश शर्मा, उत्तम कुमार सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। किशोर कुमार राजपूत ने आयोजन समिति के अध्यक्ष डॉक्टर अतुल गुप्ता,मोनिका गुप्ता,संगीता गौड़ के साथ सभी सदस्यों का धन्यवाद ज्ञापित किया।



# चीटिंग के आरोप पर कनिका मान ने तोड़ी चुप्पी, कही ये बड़ी बात

चर्चित रियलिटी शो खतरों के खिलाड़ी 12 में बीते दिनों रुबीना दिलैक एवं कनिका मान के बीच झड़प होते दिखाया गया था। रुबीना ने कनिका पर धोखाधड़ी का आरोप लगाया था। ऑस्ट्रिच टास्क के चलते रुबीना, कनिका पर नाराज हो गई थीं। रुबीना ने बोला था कि कनिका ने ऑस्ट्रिच पर नियंत्रण पाने की जानकारी गूगल पर सर्च की थी। इसी आरोप पर शो में बहुत गहमा गहमी भी हो गई थी। अब इस बारे में कनिका ने खुलकर अपना पक्ष रखा है।

कनिका ने चर्चा में रुबीना से हुई अनबन के बारे में भी बताया। कनिका ने बताया- मैंने कोई चीटिंग नहीं की थी। और मुझे नहीं लगता कि इस बारे में मुझे किसी कुछ समझाने की आवश्यकता है। कभी-कभी लोग जिसे चीटिंग समझते हैं तथा वो धोखाधड़ी नहीं वो जगह होती है, जहां हम ट्रिक कर के खेलते हैं। वो बाउंड्री के बाहर का माना जाता है। तथा उस दिन भी कुछ ऐसा ही हुआ था। बता दे कि कनिका मान को उनके सॉफ्ट एवं बबली नेचर के लिए जाना जाता है, मगर क्या खतरों के खिलाड़ी शो के बाद से क्या ये नजरिया बदल गया है। इस प्रश्न का उत्तर देते हुए कनिका बोलती हैं- ये बहुत अच्छा सवाल है, देखिए, मैं एक सिंपल लड़की हूं, और मैं हमेशा से ऐसे ही रहना चाहती थी। मैं हमेशा अपने आत्मसम्मान के लिए खड़े रहना पसंद करती हूं। आज की दिनांक में भी अपने लिए खड़े रहना सरल है, किन्तु ये एक कीमत के साथ आता है। जब लोग आपके बारे में अपनी राय देने लग जाते हैं। ये ठीक भी है। मनुष्य ऐसे ही करते हैं। मुझे इससे फर्क नहीं पड़ता है। रोहित शेट्टी एवं स्टंट्स के बारे में चर्चा करते हुए कनिका ने कहा, रोहित सर को मैं बहुत मानती हूं, उनकी इज्जत करती हूं, उनसे हमेशा सीखने को ही मिला है। स्टंट्स का मुझे नहीं पता वो स्क्रीन पर कैसे नजर आते हैं, मगर वो सच में बहुत मुश्किल होते हैं। स्टंट्स को करना बिल्कुल भी सरल नहीं है, बहुत शारीरिक और मानसिक ताकत लगती है।

# भाई कुश के निर्देशन में बनी पहली फिल्म की शूटिंग के लिए ब्रिटेन में सोनाक्षी सिन्हा



बॉलीवुड अभिनेत्री सोनाक्षी सिन्हा, जिन्हें आखिरी बार 2021 की फिल्म भुजः द प्राइड ऑफ इंडिया में देखा गया था, ने लंदन में अपनी अगली फिल्म थ्रिलर निकिता रॉय एंड बुक ऑफ डार्कनेस की शूटिंग शुरू कर दी है।

वह फिल्म में परेश रावल और सुहैल नैयर के साथ स्क्रीन शेयर करेंगी। यह फिल्म उनके भाई, कुश एस सिन्हा के निर्देशन में बनी पहली फिल्म है और भाई-बहनों के बड़े परदे के पहले सहयोग का प्रतीक है।फिल्म की शूटिंग शुरू करने के बारे में बात करते हुए, सोनाक्षी ने एक बयान में कहा, मैं मुश्किल से इस दिन का इंतजार कर सकती थी।


मेरे भाई कुश आखिरकार एक निर्देशक के रूप में अपनी पहली फिल्म का निर्देशन कर रहे हैं। यह हम सभी के लिए बहुत खुशी और गर्व का दिन है। वॉटफोर्ड शहर, जो सेंट्रल लंदन से 15 मील उत्तर-पश्चिम में कोल्ने नदी पर स्थित है, शूटिंग के लिए चुना गया।

फिल्म को 40 दिनों में फिल्माया जाएगा क्योंकि टीम उसके बाद यूके में कुछ और दर्शनीय स्थानों की शूटिंग करेगी। निकिता रॉय एंड द बुक ऑफ डार्कनेस का निर्माण निकी विक्की भगनानी फिल्म्स, क्रेटोस एंटरटेनमेंट, निकिता पाई फिल्म्स की किंजल घोने और मुरलीवाले पिक्च र्स के दिनेश गुप्ता ने किया है। फिल्म के 2023 में रिलीज होने की उम्मीद है।

# पंकज त्रिपाठी क्रिमिनल जस्टिस के आगामी सीजन में आएंगे नजर

पंकज त्रिपाठी, जो क्रिमिनल जस्टिस के आगामी सीजन में रजत पदक विजेता और वकील माधव मिश्रा की अपनी भूमिका को फिर से करने के लिए तैयार हैं, ने साझा किया है कि वास्तविक जीवन में वह अपने धैर्य के स्तर को देखते हुए शो में अपने चरित्र के समान हैं।

अपने और चरित्र को लेकर पंकज ने कहा, मैं माधव मिश्रा से बहुत मिलता-जुलता हूं। उनकी तरह मैं भी चुनौतीपूर्ण परिस्थितियों का सामना करने के लिए अपने आप को शांत रख सकता हूं। मैं खुद से कहता हूं कि समय के साथ चीजें बेहतर



होती जाएंगी इसलिए मुझे ज्यादा चिंता करने की जरूरत नहीं है।

माधव मिश्रा अपने पक्ष में बुद्धि और हास्य के साथ, कठिन परिस्थितियों में अपने धैर्य के लिए जाने जाते हैं, कुछ ऐसा जो पंकज का गहरा विश्वास है। उन्होंने कहा, मैंने हमेशा माना है कि आपके धैर्य और शांत रहना महत्वपूर्ण है।

जब आप इसे खो देते हैं , यह और अधिक अराजकता की ओर जाता है।क्रिमिनल जस्टिस के तीसरे सीजन का शीर्षक क्रिमिनल जस्टिसः अधुरा सच हाथ में एक मुड़ मामले से संबंधित है। रोहन सिप्पी द्वारा निर्देशित इस शो में श्वेता बसु प्रसाद, स्वास्तिका मुखर्जी, पूरब कोहली, आदित्य गुप्ता, देशना दुगड़ और गौरव गेरा भी हैं। बीबीसी स्टूडियो के सहयोग से अप्लॉज एंटरटेनमेंट द्वारा निर्मित क्रिमिनल जस्टिसः अधुरा सच 26 अगस्त 2022 से डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर स्ट्रीम होगी।

## खेल

भारत के ध्रुव-अर्जुन की जोड़ी क्वार्टर फाइनल में

# रैंकीरेड्डी-चिराग शेट्टी वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के टॉप-16 में, साइना मैच हारीं



**टोक्यो।** भारत के ध्रुव कपिला-अर्जुन एमआर और सात्विक साईराज रैंकीरेड्?डी और चिराग शेट्?टी की जोड़ियों ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। इस जोड़ी ने ही यांग काई टेरी और लोह कीन हियान की सिंगापुर की जोड़ी को 18-21, 21-15, 21-16 से हराया। वहीं, रैंकीरेड्?डी-चिराग शेट्?टी की भारतीय जोड़ी ने जापन की जेपी बाय-लैस मोल्हेडे की जोड़ी को 21-12, 21-10 से हराया। विमेंस सिंगल्स में साइना नेहवाल अपना मैच हार गई हैं। उन्हें टॉप-16 के मैच में थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान ने 21-17, 16-21, 21-13 से हराया। प्रणय और लक्ष्य सेन के बीच मुकाबला जारी है। प्रणय ने एक दिन पहले दूसरी सीड केंतो मोमोता को 21-17 21-16 से हराया था, जबकि 9वीं सीड लक्ष्य सेन ने स्पेन के लुइस एनरिक को 21-17 21-19 से हराया था। मेंस सिंगल्स के एक अन्य मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत को चीन के गैरवरीय खिलाड़ी झाओ जून पेंग से 9-21, 17-21 से हार गए हैं।

विमेंस डबल्स में भारतीय जोड़ियों को पराजय का सामना करना पड़ा है। पहले अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को चिन किंगचेन और जियो यी फेन की चीनी जोड़ी ने 21-15, 21-10 से हराया। उसके बाद तृषा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को थाईलैंड की टेन पियरले-टी मुरलीथरन की जोड़ी ने 21-8, 21-17 से मात दी।

### साइना वॉकओवर से टॉप-16 में

*भारतीय स्टार साइना नेहवाल वॉकओवर से चैंपियनशिप के टॉप-16 में पहुंच गईं। दूसरे दौर में उनकी भिड़ंत जापानी की नोओमी ओकुहारा से होनी थी, लेकिन ओकुहारा चोटिल होने के कारण टूर्नामेंट से हट गईं। अब साइना का मुकाबला थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान और जर्मनी की युवोनी ली के मुकाबले की विजेता से होगा।*

# चिंता की बात नहीं, द्रविड़ समय पर लौट आयेंगे : शास्त्री



**बेंगलुरु ।** भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व मुख्य कोच रवि शास्त्री ने अपने उत्तराधिकारी राहुल द्रविड़ के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बाद कहा कि घबराने की कोई बात नहीं है, क्योंकि द्रविड़ कोरोना को मात देकर भारत-पाकिस्तान मुकाबले के लिये मैदान पर आ जायेंगे।

उन्होंने कहा, मुझे नहीं लगता कि इससे ज्यादा फर्क पड़ेगा। आज उसे कोविड-19 न कहें, वह सिर्फ फ्लू है। द्रविड़ तीन-चार दिन में स्वस्थ होकर मैदान पर लौट आएंगे। उल्लेखनीय है कि भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच राहुल द्रविड़ टीम के यूएई रवाना होने से पहले कोरोना संक्रमित पाये गये। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) को उम्मीद है कि द्रविड़ कोरोना से उबरने के बाद भारतीय दल में शामिल होंगे। वह फिलहाल बीसीसीआई की चिकित्सीय टीम की निगरानी में हैं। शास्त्री ने कोरोना को लेकर यह भी कहा कि अगर भारतीय टीम इंग्लैंड टेस्ट श्रृंखला का पांचवां और अंतिम मैच 2021 में ही खेलती तो वह श्रृंखला जीत सकती थी।

## एक नजर

# मयंक अग्रवाल को लेकर पंजाब किंग्स ने जारी किया बयान, कप्तानी से हटाने की रिपोर्ट को बताया गलत, कुंबले पर लटकी तलवार

**नई दिल्ली ।** इंडियन प्रीमियर लीग फ्रेंचाइजी पंजाब किंग्स के कप्तान को हटाने को लेकर सोशल मीडिया पर चल रही अफवाह को लेकर पंजाब किंग्स ने एक बयान जारी किया है। पिछले कुछ दिन से पंजाब किंग्स के कप्तान मयंक अग्रवाल को लेकर एक रिपोर्ट चल रही थी, कि उन्हें कप्तानी के पद से हटाया जा सकता है। हालांकि टीम ने आज सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिए बयान जारी करते हुए इसे अफवाह बताया। पंजाब किंग्स ने बयान जारी करके कहा, पंजाब किंग्स फ्रेंचाइजी की कप्तानी से संबंधित पब्लिश खबर पिछले कुछ दिनों से चल रही है। हम यह बताना चाहेंगे कि टीम के किसी भी अधिकारी ने इस पर कोई बयान जारी नहीं किया है।



पंजाब ने टूर्नामेंट के पिछले सीजन में एक बेहतरीन टीम के साथ उतरी थी, लेकिन एक बार फिर टीम ने अपने प्रदर्शन से फैंस को निराश किया। खुद कप्तान मयंक अग्रवाल फॉर्म में नहीं दिखे और आईपीएल 2022 में सिर्फ 196 रन ही बना सके, जोकि उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं है। इस दौरान उन्होंने अपनी बल्लेबाजी क्रम में भी बदलाव किया है।

पंजाब किंग्स के हेड कोच अनिल कुंबले पर अभी भी तलवार लटकी हुई है। क्योंकि मयंक अग्रवाल के कप्तानी के पद से हटने के साथ-साथ अनिल कुंबले के कोच के पद से हटने की भी रिपोर्ट सामने आई थी। लेकिन फ्रेंचाइजी ने मुख्य कोच की रिपोर्ट पर कोई सफाई नहीं दी है।

# जब भारत-पाक के खिलाड़ियों ने खेली थी होली-भारत-पाकिस्तान मैच घटे तो कम हुई खिलाड़ियों की तकरार



यह दुर्भाग्य ही रहा है कि राजनीति के कारण भारत और पाकिस्तान की क्रिकेट टीमों के बीच कभी भी दोस्ताना रिश्ते नहीं रहे, भले ही दोनों देशों में एक जैसी संस्कृति, भाषा, वेशभूषा रही हो। लेकिन एक चीज है, जो पीढ़ियों से दोनों देशों के लोगों की पसंद बनी हुई है और वो है क्रिकेट। पहले दोनों देशों के क्रिकेटर्स भी क्रिकेट को लेकर काफी जज्बाती रहते थे और उनके बीच की प्रतिद्वंद्विता और आपसी तेवर मैदान पर नजर आ जाते थे, लेकिन बदलते वक्त के साथ इसमें भी बदलाव हुआ। दो दिन बाद,श्व में एशिया कप शुरू हो रहा है। 28 अगस्त को भारत-पाकिस्तान अपना पहला मुकाबला खेलेंगे। ऐसे में हम आपसे साझा कर रहे हैं दोनों देशों के खिलाड़ियों के बीच सौहार्द का एक किस्सा... जब भारत-पाक खिलाड़ियों ने मिलकर होली खेली थी...

पाकिस्तान की टेस्ट टीम ने 1986-87 में भारत का दौरा किया था। दोनों प्रतिद्वंद्वी कप्तानों कपिल देव और इमरान खान के नकारात्मक क्रिकेट खेलने के लिए मीडिया में एक-दूसरे की आलोचना हुई थी, लेकिन बेंगलुरू में हुए टेस्ट में कुछ अनोखी घटना घटित हुई थी। इमरान को छोड़कर दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने होटल को लाल रंग से रंग दिया था। सीरीज तनाव से भरी हुई थी। होली के कारण एक दिन का रेस्ट डे था। होटल का स्विमिंग पूल, खिलाड़ियों के कमरे होली खेलने के कारण लाल हो गए थे। खिलाड़ियों ने साथ होली खेली, लंच किया, भांगड़ा किया। शास्त्री पूल के पास बैठकर किताब पढ़ रहे थे। खिलाड़ियों ने उन्हें पानी में धक्का दे दिया था।

लक्ष्य सेन वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में

# धुव-अर्जुन मेंस डबल्स में जीते; श्रीकांत हारे, पोनप्पा-सिक्की रेड्डी की जोड़ी भी बाहर

भारत के युवा स्टार लक्ष्य सेन ने वर्ल्ड बैडमिंटन चैंपियनशिप के प्री-क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। जबकि ध्रुव कपिला-अर्जुन की जोड़ी ने जीत हासिल की। वहीं, किदांबी श्रीकांत राउंड-3 का मुकाबला हार गए हैं।

बुधवार को 9वीं सीड लक्ष्य सेन ने स्पेन के लुइस एनरिक को सीधे गेम में 21-17 21-19 से हराया। उन्हें क्वार्टर फाइनल में पहुंचने के लिए भारत के एचएस प्रणय और केंतो मोमोता के विजेता को हराना होगा। मेंस सिंगल्स के एक अन्य मुकाबले में 12वीं वरीयता प्राप्त किदांबी श्रीकांत को चीन के गैरवरीय खिलाड़ी झाओ जून पेंग से 9-21, 17-21 से हार गए हैं। मेंस



डबल्स में ध्रुव कपिला-अर्जुन की जोड़ी ने 8वीं सीड किम स्ट्रुप और एंड्रस रेसमुसेन को 21-17 21-16 से हराया है। भारतीय जोड़ी टॉप-16 में प्रवेश कर गई है। ??साथ विमेंस में भारतीय जोड़ियों को पराजय का सामना करना पड़ा है। पहले अश्विनी पोनप्पा और एन सिक्की रेड्डी की जोड़ी को चिन किंगचेन और जियो यी फेन की चीनी जोड़ी ने 21-15, 21-10 से हराया। उसके बाद तृषा जॉली-गायत्री गोपीचंद की जोड़ी को थाईलैंड की टेन पियरले-टी मुरलीथरन की जोड़ी ने 21-8, 21-17 से मात दी।

# नीरज ने डायमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की

**नयी दिल्ली ।** टोक्यो ओलंपिक 2020 के गोल्ड मेडलिस्ट नीरज चोपड़ा ने स्विट्ज़रलैंड के लौसेन में 26 अगस्त से होने वाली डायमंड लीग में हिस्सा लेने की पुष्टि की। जर्मनी में अपनी चोट का इलाज करवा रहे नीरज ने ट्विटर पर अपनी तस्वीर साझा करते हुए कहा, मज़बूत और शुक्रवार के लिये तैयार महसूस कर रहा हूं। समर्थन के लिये सभी का शुक्रिया। आपसे लौसेन में मिलते हैं! गौरतलब है कि भारत के जैवलिन-थ्रो खिलाड़ी नीरज पिछले महीने विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप के दौरान चोटिल हो गये थे और उन्हें एक महीने के आराम की सलाह दी गयी थी। नतीजतन, वह बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेल 2022 में हिस्सा नहीं ले सके थे। नीरज ने विश्व चैंपियनशिप में 88.13 मीटर के जैवलिन-थ्रो के साथ रजत पदक जीता था। वह अंजू बॉबी जॉर्ज के बाद विश्व चैंपियनशिप में पदक जीतने वाले दूसरे भारतीय हैं।



# 92 चोरी का पर्दाफाश: 46 लाख रुपए का सिलेंडर के साथ आरोपी गिरफ्तार, केवल इको कार को बनाते थे शिकार

बैकुंठपुर। ईको वाहन से साइलेंसर चोरी करने वाले गिरोह के पांच सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है वहीं अभी कई आरोपित फरार है जिनकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम रवाना की गई है।



पुलिस ने बताया कि आरोपितों ने सरगुजा रेंज में 76 एवं बिलासपुर जिले में 17 ईको कार के साइलेंसर जिसकी कुल कीमत 46.50 लाख बताई जा रही है चोरी की है। 96 चोरियों का पर्दाफाश पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज अजय कुमार यादव ने किया। इस गिरोह से 4 गाड़ियों का साइलेंसर, 2 पाना, 5 आरी, घटना में प्रयुक्त एक बाइक जब्त करने की बात पुलिस ने प्रेस रिलिज कर बताई। इस दौरान आईजी ने गिरोह को पकड़ने वाली पुलिस टीम को 25,000 रुपए नगद पुरस्कार देने की घोषणा की है।

गौरतलब हो कि कोरिया जिले में कुछ माह से मारुति इको कार के साइलेंसर चोरी की घटना लगातार बढ़ रही थी, जिसे पकड़ने के लिए पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज अजय कुमार यादव ने निर्देश दिया था। कोरिया पुलिस अधीक्षक त्रिलोक बंसल ने बताया कि आरोपित साइलेंसर को चोरी करने के बाद अबिंकापुर ले जाकर काट लेते थे उसके बाद उसे रायगढ़ भेजते थे। वहीं उन्होंने कहा कि संभवत: रायगढ़ से इसे उत्तर प्रदेश के मेरठ भेजा जाता था। इसके आगे उन्होंने पूरे आरोपितों की गिरफ्तारी के बाद ही आगे पूरी जानकारी सामने आने की बात कही है।

### सिद्ध बाबा घाट के नीचे मिले आरोपित :

थाना मनेन्द्रगढ़ में एक ही रात में चार इको कार के साइलेंसर चोरी करने की सूचना मिली थी। एसपी त्रिलोक बंसल अनुसार तुरंत ही मनेन्द्रगढ़ से सभी दिशाओं में टीम रवाना की गई। रात्रि एक टीम को सिद्ध बाबा घाट के नीचे तीन व्यक्ति बैठे मिले, जिन्हें थाना तलब कर पूछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम नीरल किन्डो, अंजीत खाखा, आशीष किन्डो बताया उनके पास बैग की तालाशी लेने पर उनके बैग में 4 नग मारुती इको कार की साइलेंसर का टुकड़ा मिला। पूछताछ करने पर उन्होने सब्जी मंडी, मौहारपारा, चनवारीडांड से कार से कुल 4 नग साइलेंसर काट कर चोरी करना कबूला। इसमें से 2 साइलेंसर को सिद्ध बाबा घाटी में छुपाना बताया, जिसे आरोपितों की निशानदेही पर पुलिस ने बरामद किया।

### ऐसे देते थे घटना को अंजाम :

पुलिस की माने तो पूछताछ दौरान आरोपितों ने बताया कि उन्होंने अंबिकापुर , सूरजपुर, बलरामपुर में भी अपने साथियों के साथ 76 गाडियों के साइलेंसर चोरी करने की बात कबूल की, इसे एक निर्धारित तरीके से रायगढ़ भेजने की बात बताई। आरोपितों ने बताया रात करीब 8 से 11 बजे तक रैकी का काम करते थे, उसके बाद देर रात्रि साइलेंसर चोरी कर सुनसान स्थानों पर साइलेंसर के टुकडे कर बैग में भर कर अम्बिकापुर पहुंचते थे और वहां प्रकाश के कमरे में पार्सल बनाकर बस के माध्यम से रायगढ़ भेजते थे जहां इनके साथी पार्सल रिसिव करते थे, जहां से पार्सल आगे जाता था।

### विभिन्न जिलों में हुई चोरिया

पुलिस के द्वारा दी गई जानकारी में बताया गया कि अभी तक पूरे संभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार कोरिया जिले मे 10, बलरामपुर जिले में 19, सरगुजा जिले में 8, सूरजपुर जिले में 12 एवं बिलासपुर जिले में 17 सहित कुल 66 प्रकरण में अपराध पंजीबद्ध होने की जानकारी प्राप्त हुई है। अन्य चोरी के मामलो में रिपोर्ट की जानकारी नहीं है। गैंग बड़े स्तर का है, ग्रामीण इलाको मे भी चोरी करने की बात सामने आई है, चूंकि गैंग के चोरी का दायरा बड़ा था, इसलिए अन्य जगहों में रिपोर्ट नहीं हुई होंगी, पकड़े गए आरोपितों के आलावा अन्य आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए टीमें रवाना की गई है।

### पकड़े गए आरोपित :

निरल किण्डो पिता रगबर किण्डो दवना दमसरा थाना भैयाथान, आशीष किण्डो पिता रगबर किण्डो दवना दमसरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर, अंजीत खाखा पिता ठेम्पू दर्रीडीह थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा, थामस किण्डो पिता शिवनाथ किण्डो बरपारा थाना भटगांव जिला सूरजपुर और प्रकाश मसीह पिता शंकरलाल मसीह बरकोल थाना धवलपुर जिला सरगुजा शामिल है।

## एक नजर

### युवोदय स्वयं सेवकों का स्वयंसिद्ध थीम पर एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ संपन्न



**जगदलपुर** । स्वयंसिद्ध एक दिवसीय प्रशिक्षण जगदलपुर के श्यामा प्रसाद मुखर्जी भवन टाउन हॉल में प्रेरक व प्रशिक्षण एवं कार्यशाला का आयोजन किया गया इसमें प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य वॉलिंटियरिंगरिज्म इसमें मुख्य गतिविधिवेस माध्यम से स्वयं सेवा क्या है और उसकी मूल आधार क्या है इस पर एक दृष्टिकोण समझ बनाते हुए स्वयंसेवी प्रति मैं, हम और हमारा हमसे विवाद की तीन चरणों को समझाया सार संवर्धित प्रतीकात्मकता सामुदायिक मोबिलाइजेशन के बारे में समझना ग्राम विकास परिवेश के विभिन्न मुद्दों की पहचान करना उन्हें प्राथमिकता देना समुदाय के साथ संचार करने के लिए विभिन्न दृष्टिकोण को समझना और जगदलपुर शहर के सक्रिय 2 वर्षो से अपना सेवा दे रहे हैं ऐसे ही युवा युवतियों ने कुल 100+ क्षमता वर्धन स्वयं सिद्ध ने भाग लिया और इस ट्रेनिंग में युवा वर्ग से लेकर वृद्धजन भी शामिल होकर स्वयं सिद्ध एक दिवसीय क्षमता वर्धन प्रशिक्षण कार्यशाला रूपरेखा को समझास्वयंसेवी प्रति सशक्त स्वयंसेवकों के लिए यूनिसेफ यूनिसेफ चीफ जॉब जकारिया (छत्तीसगढ़) ष्ट4ष्ठ स्पेशलिस्ट अभिषेक सिंग, राहिल सूबेदार यूनिसेफ, दीपक तिरिया प्रोफेसर, मोटीवेटर, साइकोलॉजिस्ट, भोलाराम शांडिल्य युवोदय जिला समन्वयक उपस्थित थे

### आंदोलनरत् कर्मचारियों को भाजपा विधि प्रकोष्ठ बस्तर ने दिया समर्थन

कर्मचारियों पर यदि सरकार एक्स्मा कानून उपयोग करेगी तो नि:शुल्क कानूनी सहायता प्रदान करेगा भाजपा विधि प्रकोष्ठ

**जगदलपुर** । छत्तीसगढ़ सरकार से अपनी मांगों को लेकर समस्त




कर्मचारी संघ द्वारा अनिश्चितकालीन हड़ताल किया जा रहा है। जिसका समर्थन आज भाजपा विधि प्रकोष्ठ बस्तर द्वारा धरना स्थल जाकर किया। कर्मचारियों द्वारा ष्ठ और ।।क्र की मांग को लेकर छत्तीसगढ़ के समस्त 96 विभाग के सरकारी कर्मचारी अनिश्चितकालीन हड़ताल पर है । जगदलपुर नगर के कृषि उपज मंडी में धरना स्थल पर आज भाजपा विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सपन देवांगन ने हड़ताल कर रहे कर्मचारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भुपेश बघेल जी आपको कर्मचारियों के जायज मांगो को पूरा करना चाहिए, बिना कर्मचारियों के प्रशासन चलाना संभव नहीं है और यदि इसके लिए एक्स्मा कानून उपयोग करते हुए दमनकारी निति अपनाकर आन्दोलन को विफल करने का प्रयास करती है तो समस्त कानूनी सहायता हेतु विधि प्रकोष्ठ भारतीय जनता पार्टी उनके साथ कंधे से कंधा मिलाकर उनकी सहायता करेगा तथा जिले से लेकर प्रदेश स्तर तक निशुल्क कानूनी सहायता हेतु अग्रसर रहेगा व आंदोलन को अपना नैतिक समर्थन प्रदान करती है। इस दौरान विधि प्रकोष्ठ के जिला संयोजक सपन देवांगन प्रदेश कार्यसमिति सदस्य नवीन ठाकुर, दिनेश पानीग्राही, प्रीति वानखेड़े, संजय विश्वकर्मा, दीपक त्रिवेदी, मुकुन्द कश्यप, गणेश दहिया, जयप्रकाश पाढ़ी, सरिता सथपथी, मौसम लुनावत एवं अन्य अधिवक्तागण उपस्थित थे।

## हायर सेकंडरी स्कूल में हुई कई प्रतियोगिता

**कोरबा** । आजादी के अमृत महोत्सव के तहत गवर्नमेंट हायर सेकंडरी स्कूल रजगामार में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। 30 अगस्त तक चलने वाले इस आयोजन के दौरान अब तक फैंसी ड्रेस, देशभक्ति गीत, क्राफ्ट प्रतियोगिता व सोमवार को रंगोली, ड्राइंग प्रतियोगिता आयोजित की गई, जिसमें छात्र-छात्राओं ने विविध रंगों के माध्यम से देश के प्रति अपनी भावनाओं को प्रदर्शित किया।

छात्रों को प्रतिदिन गांधी फिल्म भी प्रोजेक्टर के माध्यम से दिखाई जा रही है। मंगलवार को कक्षा 11वीं के छात्र-छात्राओं को यह फिल्म दिखाई गई, जिसे उन्होंने बड़े उत्साह के साथ देखा। प्रतियोगिताओं में प्रथमए द्वितीय और तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत किया गया। संस्था की प्राचार्य डॉ अल्का फिलिप्स ने प्रतिभागी छात्रों को लगातार प्रोत्साहित कर रही हैं। इस मौके पर रामनाथ बघेल, एम धनलक्ष्मी, सरोज पांडेय व स्कूल के समस्त स्टाफ उपस्थित रहे।

## वित्तीय अनियमितता के कारण जयराम नगर की सरपंच निलंबित

**बिलासपुर** । ग्राम पंचायत जयराम नगर के सरपंच ने अपने कार्यकाल में वित्तीय अनियमितता की थी। इस मामले की जांच चल रही थी। सुनवाई पूरी होने के बाद सरपंच गिरजा देवी अग्रवाल वित्तीय अनियमितता की दोषी पाई गई। इस पर मस्तूरी एसडीएम पंजक डाहिरे ने कार्रवाई करते हुए गिरजा देवी को सरपंच पद से हटाने का आदेश जारी किया है।




अनुविभागीय अधिकारी मस्तूरी ने वित्तीय अनियमितता करने वाले दोषी ग्राम पंचायत जयराम नगर के सरपंच को तत्काल हटाने का आदेश दिया गया है। ग्राम पंचायत सरपंच गिरजा अग्रवाल पर शासकीय राशि के अनियमितता की शिकायत मिली थी। इस मामले में एसडीएम मस्तूरी द्वारा कार्रवाई चल रही थी। साल भर मामला चलने के बाद राशि में गड़बड़ी का दोषी पाया है। इस आधार पर अनुविभागीय राजस्व मस्तूरी पंकज डाहिरे ने वित्तीय अनियमितता करने का दोषी पाते हुए बर्खास्तगी आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश दिनांक 18 अगस्त 2022 के अनुसार पंचायत राज अधिनियम 1993 की धारा 40 (1) (ग) के अंतर्गत दोषी पाते हुए सरपंच पद से हटाया जाता है।

### 6 साल के लिए प्रतिबंधित

शासकीय राशि गबन मामले में सरपंच के उपर सख्त कार्रवाई की गई है। पद से हटाने के साथ ही इस अधिनियम के तहत अगामी 6 साल तक किसी प्रकार के चुनाव लड़ने पर प्रतिबंधित कर दिया है।

## महिलाओं की समस्या सुनने फूलनार पहुँचे छबिन्द्र कर्मा

कहा - महिला शक्ति दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति

**दंतेवाड़ा।** महिलाओं की समस्या सुनने आज पादप बोर्ड के उपाध्यक्ष व वरिष्ठ कांग्रेसी नेता छबिन्द्र कर्मा ग्राम पंचायत फूलनार पहुँचे। सरपंच पारा में आयोजित इस बैठक में महिलाओं ने खुलकर अपनी समस्याओं से श्री कर्मा को अवगत कराया। महिलाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत फूलनार में बुनियादी सुविधाओं का अभाव है वहीं स्व सहायता समूह की महिलाओं ने कहा कि पशु विभाग द्वारा मिलने वाली सुविधा में लेटलतीफी हो रही है, जिस पर छबिन्द्र कर्मा ने मौके पर ही तत्काल सहायक संचालक डॉ कुशवाहा को फोन कर जल्द ही व्यवस्था दुरुस्त करने को कहा। छबिन्द्र कर्मा ने कहा कि गांव की हर परेशानी का समाधान जल्द कर दिया जाएगा। फूलनार के महिलाओं की मुझे ये बात अच्छी लगी सभी खुलकर अपनी समस्या



**महिलाओं की सुनी समस्या, दिलाया हर संभव मदद का भरोसा**

बता रहे हैं मैं आप सभी को भरोसा दिलाता हूं कि जल्द ही सभी समस्याओं का हल कर दिया जाएगा। श्री कर्मा ने आगे कहा कि सरकार द्वारा महिलाओं को आगे बढ़ाने विभिन्न योजनाओं का संचालन किया जा रहा है, जिसका फायदा आप सभी को उठाना है।



महिला शक्ति ही इस दुनिया की सबसे बड़ी शक्ति है। छबिन्द्र ने कहा कि स्व सहायता समूह के माध्यम से हमारी सरकार महिलाओं को रोजगार प्रदान कर रही है, जिसका लाभ आप सभी जरूर उठाए।

अंत में सभी महिलाओं को छबिन्द्र कर्मा ने उपहार स्वरूप साड़ी का वितरण भी किया। इस दौरान विवेक देवांगन, राकेश कर्मा, आकाश विश्वास, दुबे पोडियाम समेत अन्य ग्रामीण उपस्थित थे।

## जय श्री राम के नारों के साथ के साथ मुख्यमंत्री निवास का घेराव

भाजयुमो की ऐतिहासिक विशाल रैली में राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी ने कहा - भगवान श्री राम के ननिहाल में राम को मानने वालों की लाएंगे सरकार

**रायपुर** । युवा मोर्चा के हल्ला बोल कार्यक्रम में रायपुर पहुंचे भाजयुमो के राष्टीय अध्यक्ष तेजस्वी सूर्या ने कहा कि भगवान श्रीराम के ननिहाल में श्रीराम को मानने वालों की सरकार लाएंगे। सूर्या ने स्वामी विवेकानंद का स्मरण करते हुए कहा कि युवाओं के हित में संघर्ष करने की प्रेरणा उन्होंने स्वामी विवेकानंद से ली है। छत्तीसगढ़ के युवा स्वामी विवेकानंद के बताए मार्ग पर चलकर आगे बढ़ें। यह सरकार जिस तरह से तानाशाही चला रही है, हर जगह भ्रष्टाचार कर रही है, युवाओं का शोषण कर रही है, उससे जनता को मुक्ति दिलाना भाजयुमो कार्यकर्ताओं का कर्तव्य है और हम इसे पूरा करेंगे।

केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह ने भूपेश बघेल सरकार को भ्रष्ट और बदलापुर की राजनीति करने वाली सरकार करार देते हुए कहा




कि इस सरकार ने छत्तीसगढ़ को कई दशक पीछे ले जाने का काम किया है। केंद्र सरकार के पैसों का दुरुपयोग करते हुए भ्रष्टाचार किया जा रहा है। नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने कहा कि छत्तीसगढ़ की जनता ने जिस उम्मीद के साथ कांग्रेस को सरकार बनाने का अवसर दिया था, उन उम्मीदों को भूपेश बघेल ने न केवल तोड़ा है, बल्कि छत्तीसगढ़ के लोगों के साथ धोखेबाजी की है।

पूर्व नेता प्रतिपक्ष धरमलाल कौशिक ने कहा कि छत्तीसगढ़ की यह सरकार जिस रास्ते पर चल रही है, उसका परिणाम आज निर्धारित हो गया है। भाजयुमो के कार्यकर्ता इस सरकार को उसकी सही जगह पहुंचा देंगे। पूर्व सांसद रामविचार नेताम ने कहा कि हर जगह दमन की राजनीति की जा रही है। भाजयुमो प्रदेश अध्यक्ष अमित साहू ने कहा कि प्रदेश के युवाओं के साथ हुए छल को लेकर आज मुख्यमंत्री निवास का हम सबने घेराव किया है। इस पूरे हल्ला बोल कार्यक्रम में सभी कार्यकर्ताओं और पार्टी के पदाधिकारियों का पूर्ण सहयोग मिला है।

## मानिकपुरी पनिका समाज के युवा पदाधिकारी सामाजिक कराएंगे गणना

बिलासपुर । छत्तीसगढ़ प्रदेश मानिकपुरी पनिका समाज के पदाधिकारियों की प्रदेश स्तरीय प्रथम सामाजिक बैठक वसंत विहार एसईसीएल कॉलोनी के नर्मदा भवन में आयोजित की गई। बैठक में समाज हित में कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए । बैठक में मुख्य चुनाव अधिकारी, प्रदेश अध्यक्ष, महासचिव, कोषाध्यक्ष ,सचिव ,समन्वय समिति के सदस्य, प्रदेश युवा प्रकोष्ठ, महिला युवा प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं प्रदेश के 3 संभाग के संभागीय प्रभारी सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों के जिलाध्यक्ष शामिल हुए। बैठक में सबसे पहले उपस्थित पदाधिकारियों द्वारा कबीर साहेब के तैल चित्र पर माल्यार्पण कर आरती वंदना एवं दीप प्रज्वलन किया गया ।बैठक में प्रदेश संगठन प्रभारी द्वारा बताए गए एजेंडे पर क्रमश: विषय पर उपस्थित प्रदेश पदाधिकारियों से विचार आमंत्रित किया गया एवं चर्चा कर एक सशक्त समाज के



निर्माण में संगठन के विस्तार के लिए जिन जिलों में निर्वाचन नहीं हो पाया है वहां शीघ्र निर्वाचन कराने तथा प्रदेश कार्यकारिणी के विस्तार के लिए निर्वाचित समस्त जिला अध्यक्षों से जानकारी लेकर प्रदेश के मुख्य कार्यकारिणी में शामिल किए जाने हेतु निर्देशित किया गया ।प्रदेश के सभी युवा पदाधिकारियों को जिले के साथ-साथ विकास खंडों में निवासरत समाज के लोगों की जनगणना कराने की जिम्मेदारी देते हुए शीघ्र पूर्ण करने हेतु संगठन प्रभारी द्वारा निर्देश दिया गया तथा प्रदेश के कुछ जिलों में जनगणना कार्य पूर्ण हो जाने की भी जानकारी से अवगत कराया गया ।समाज में आर्थिक मजबूती के लिए समाज के सभी परिवार से धन के रूप में प्रतिदिन ?1 और अन्य के रूप में प्रतिदिन एक मुट्ठी चावल लेने की योजनाओं को सहमति देते हुए अभियान को शीघ्र क्रियान्वयन हेतु निर्देशित किया गया। बैठक की व्यवस्था में मानिकपुरी पनिका समाज बिलासपुर के सदस्यों सहित युवा प्रकोष्ठ के समस्त पदाधिकारी अपना अमूल्य सहयोग प्रदान किए जिसके लिए समन्वय समिति ने बैठक में शामिल सभी पदाधिकारियों का आभार व्यक्त किया।

# मोहन मरकाम ने क्षेत्रवासियों को दी 2 करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात

## बरसते बारिश में भी छाता लेकर विधायक को सुनने आये बफना वासी

**कोंडागांव।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष सह विधायक कोंडागांव मोहन मरकाम इन दिनों 6 दिवसीय कोंडागांव विधानसभा क्षेत्र के दौरे में हैं और इसी कड़ी में वे कोंडागांव ब्लॉक के ग्राम पंचायत भीरागांव करकट्टी में सांस्कृतिक भवन भूमिपूजन ग्राम पंचायत कुम्हारी, भगदेवा में देवगुड़ी भूमिपूजन, ग्राम पंचायत बड़े भिरावन्ड में सामुदायिक भवन लोकार्पण एवम देवगुड़ी भुमीपूजन,ग्राम पंचायत खड़का में देवगुड़ी भूमिपूजन एवम नल जल योजना अंतर्गत कार्य का भुमिपूजन करते ग्राम पंचायत बफना पहुंचे जहां पर ग्रामीणों ने बरसते पानी के बीच आतिशबाजी व गाजे बाजे के साथ विधायक का स्वागत सत्कार किया विधायक मोहन मरकाम ने ग्राम पंचायत बफना के आश्रित ग्राम फरसगांव में देवगुड़ी भूमिपूजन लागत ,ग्राम बफना मालगुजार पारा में सामुदायिक भवन लोकार्पण आंगनबाड़ी से कुरसो कौशिक घर तक सीसी रोड 205 मीटर लोकार्पण, देवांगन पारा सांस्कृतिक भवन लोकार्पण, जयराम देवांगन घर से भक्तु यादव घर तक सीसी सड़क 200 मीटर भूमिपूजन, पंचायत भवन परिसर में पेवर ब्लॉक निर्माण कार्य भूमिपूजन,सामुदायिक शौचालय लोकार्पण, यात्री प्रतीक्षालय



भूमिपूजन,कन्हई यादव घर के समीप पुलिया निर्माण कार्य लोकार्पण के साथ कुल 45 लाख रुपए के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन लोकार्पण कर ग्रामवासियों को सौगात दी कार्यक्रम के दौरान क्षेत्रवासियों ने विधायक मोहन मरकाम का आभार जताया कहा जब जब हमें कोई जरूरत महसूस हुई आपने एक अभिभावक के रूप में हमारी मांगों को सुना और पूरा किया चाहे मांग हैंडपंप की हो या सड़क या भवन की हमारी सभी मांगों को आपने पूरा किया है।

### बरसते पानी के बीच छाता लेकर विधायक से मिलने आये बफनावासी



दौरे के बीच जैसे ही विधायक मोहन मरकाम बफना पहुंचे पानी भी बहुत तेज हो गयी फिर भी तेज बरसते पानी के बीच गाजे बाजे व आतिशबाजी से स्वागत सत्कार करते भारी संख्या में माताएं बहने युवा व बच्चे सहित ग्रामीण छाता लेकर कार्यक्रम में पहुंच विधायक से रूबरू हुए और अपनी बात रखी व मोहन मरकाम के बातों को सुना।

06 दिवसीय कार्यक्रम के प्रथम दिवसीय दौरे में विधायक मोहन मरकाम ने क्षेत्रवासियों को लगभग दो करोड़ के निर्माण कार्यों की सौगात दी श्री मरकाम ने आगे कहा कांग्रेस पार्टी सदैव ग्रामीणों किसानों मजदूरों के उत्थान के लिए काम करती है और छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में नरवा गरवा घुरवा बाड़ी के माध्यम से प्रदेश का चौमुखी विकास हो रहा है मेरे कार्यकाल के दौरान आपके गांवों की जितनी भी मांगे रहीं हैं मैने प्राथमिकता से पूरा करने का प्रयास किया है आगे भी मेरा प्रयास रहेगा आपकी सभी मांग जल्द पूर्ण हो इतने बरसते पानी के बीच मे आप लोगों ने इस कार्यक्रम में अपनी उपस्थिति दर्ज कराई इसके लिए आप सभी का धन्यवाद आप सभी का स्नेह सदैव यूं ही बना रहे ऐसी आशा करूंगा।

सम्पूर्ण कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मतलाम,जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती भगवती पटेल, शाकम्भरी बोर्ड सदस्य अनुराग पटेल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष भारत देवांगन,सांसद प्रतिनिधि दसरथ नेताम, विधायक प्रतिनिधि बुधराम नेताम,मंडी बोर्ड सदस्य रामधर देवांगन, भंगी पटेल,सकुर खान,मंडल अध्यक्षगण संजय करन,ब्रिज सोढ़ी,नंदू दिवान, रंजीत गोटा, सर्वेश सेठिया,बलदेव मरकाम, सुकमु कोर्राम, बुधराम नेताम, तांबेस कोर्राम,छबि नेताम,फूलचंद मंडावी, कमलोचन नेताम, दयाल सोरी, सोमारू पोयाम सहित सभी पंचायतों के सरपंच पंच जनपद सदस्य कांग्रेस कार्यकर्ता पदाधिकारी एवम क्षेत्रवासी मौजूद रहे।

## एक नजर

### छग कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष बने अमित गुप्ता शिल्पा देवांगन को मिली प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी





**कोंडागांव**- अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय अध्यक्ष कैप्टन अजय यादव की सहमति व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के अनुसंशा पर ओबीसी कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष डॉ चोलेश्वर चंद्राकर से नई कार्यकारिणी की घोषणा की है जिसमें कोंडागांव जिलाध्यक्ष अमित गुप्ता बनाए गए हैं एवं छग कांग्रेस पिछड़ा वर्ग प्रवक्ता की जिम्मेदारी डॉ शिल्पा देवांगन को मिली है दोनों नेताओं की नियुक्ति पर स्थानीय कांग्रेसजनों ने हर्ष जाहिर करी है।

### 16 लाख के वायर की अफरा-तफरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़** । पूंजीपथरा टीआई कृष्णकांत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा 30 टन वायर बंडल की अफरा-तफरी करने वाले तीन आरोपित ट्रक चालक तथा मटेरियल की खरीदी कर प्लांट में बेचने वाले कबाडी एवं प्लांट के संचालक को महासमुंद के बसना, रायपुर के मौदहापारा और रावाभाठा क्षेत्र से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । जानकारी के मुताबिक थाना पूंजीपथरा अंतर्गत महराज रोड कैरियर्स तराईमाल में मैनेजर का काम करने वाला शरवेश दुबे 06 जनवरी 2022 को थाना पूंजीपथरा में रिपोर्ट दर्ज कराया कि ट्रांसपोर्ट कंपनी के मार्फत 28 दिसम्बर 2021 को ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएच 4550 का चालक झनक नायक के द्वारा सिंघल इन्टर प्राईजेस प्रा लि तराईमाल से वायर बंडल लोड कर तारणी स्टील प्लांट रायपुर खाली करने रवाना किया गया था जो गन्तव्य स्थान में न पहुंचाकर रास्ते में ट्रक में लोड माल को अफरा तफरी कर गबन कर दिया है। विवेचना क्रम में पूंजीपथरा पुलिस को घटना में प्रयुक्त खाली ट्रक गजराज बॉडी गैरेज तुलसी थाना मंदिर हसौद में खडया होने की जानकारी मिली जिस पर पूंजीपथरा पुलिस द्वारा गजराज बॉडी गैरेज तुलसी जाकर पतासाजी किया गया । गजराज बॉडी गैरेज ट्रक क्रमांक सीजी 06 जीएच 4550 खाली मिला जिस में चाबी लगा हुआ था जिसे पुलिस टीम द्वारा गवाहों के समक्ष वाहन की जब्ती कर बाड़ी गैरेज के संचालक प्रताप निषाद से पूछताछ किया गया ।

### 15 अक्टूबर तक बनाये जायेगे नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड

गरियाबंद। गरियाबंद जिला मे आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना अंतर्गत आपके द्वार आयुष्मान अभियान का तृतीय चरण का प्रांरभ किया जा चुका है। इसके अन्तर्गत जिले के सभी विकासखण्डों के च्वॉईस सेंटरों एवं लोक सेवा केंद्रो में आयुष्मान कार्ड बनाया जायेगा। 15 अक्टूबर 2022 तक विशेष अभियान चलाकर छुटे हुए परिवार के लोगों का नि:शुल्क आयुष्मान कार्ड बनाया जाएगा। जिले के सभी ग्राम पंचायत, सभी स्कूल, थाना, हाट-बाजार एवं अन्य सार्वजनिक स्थल पर आयुष्मान कार्ड बनाने के लिये शिविर लगाए जायेगें। शिविर स्थल पर हितग्राहियो को लाने के लिये मितानीन, ग्राम पंचायत सचिव, को जिम्मेदारी दी गई हैं, साथ में स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी स्वास्थ्य कार्यकर्ता(म/पु) सतत् रूप से सहयोग करते हुये आयुष्मान कार्ड बनवाने का कार्य पूर्ण करेंगें। उक्त जानकारी देते हुए सीएमएचओ डॉ एन.आर.नवरत्न ने बताया कि अभी तक जिले मे कुल 621577 लक्ष्य के विरूध्द 406062 हितग्राहियों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा चुका है।

### चिकित्सकों एवं कोडकर्ताओं का प्रशिक्षण सम्पन्न

गरियाबंद। जिला स्तर पर मृत्यु के कारणों का चिकित्सकीय प्रमाणीकरण अंतर्गत चिकित्सकों एवं कोडकर्ताओं का प्रशिक्षण जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित की गई। जिला रजिस्टार (जन्म-मृत्यु) एवं जिला योजना सांख्यिकी कार्यलय द्वारा आयोजित इस प्रशिक्षण में चिकित्सकों को मृत्यु के कारणों का चिकित्सकीय प्रमाणीकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिये गये। प्रशिक्षण में उपस्थित समस्त स्वास्थ्य अधिकारियों को मृत्यु के कारणों का चिकित्सकीय प्रमाणीकरण की कोडिंग एवं एम.सी.सी.डी फार्म के सांख्यिकी भाग के लिए आवश्यक जानकारी तथा मार्गदर्शन जिला योजना एवं सांख्यिकी अधिकारी द्वारा प्रदान किया गया।

## मारुती इको कार के साइलेसर चोरी करने वाले अंतर्राज्यीय गिरोह का पर्दाफाश

पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री अजय कुमार यादव के निर्देश पर हुई कार्यवाही चोरों के आतंक का हुआ अंत कुल 96 चोरियों का हुआ खुलासा

**कोरिया।** आरोपी 1. निरल किण्डो पिता रगबर किण्डों उम्र 19 वर्ष सा0 दवना दमसरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर 2. आशीष किण्डो पिता रगबर किण्डों उम्र 27 वर्ष सा0 दवना दमसरा थाना भैयाथान जिला सूरजपुर 3. अंजीत खाखा पिता ठेम्पू उम्र 28 वर्ष सा0 दर्रीडीह थाना लुण्ड्रा जिला सरगुजा छ0ग0। 4. थामस किण्डो पिता शिवनाथ किण्डो उम्र 32 वर्ष साह बरपारा थाना भटगांव जिला सूरजपुर छ0ग0 5. प्रकाश मसीह पिता शंकरलाल मसीह उम्र 21 वर्ष सा0 बरकोल थाना धवलपुर जिला सरगुजा छ0ग0 विवरण इस प्रकार है कि, कोरिया जिले में विगत कुछ माह से मारूती इको कार के



साइलेंसर चोरी की घटना लगातार बढ रही थी जिसे पकड़ने के लिए पुलिस महानिरीक्षक, सरगुजा रेंज श्री अजय कुमार यादव द्वारा निर्देश दिया गया था, जिस पर पुलिस अधीक्षक, कोरिया श्री त्रिलोक बंसल द्वारा कार्ययोजना तैयार कर सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया था, इसी तारतम्य में थाना मनेन्द्रगढ़ में एक ही रात में चार इको कार के साइलेंसर चोरी करने की सूचना प्राप्त हुई। पुलिस अधीक्षक, कोरिया श्री त्रिलोक बंसल की कार्ययोजना अनुसार तुरन्त ही मनेन्द्रगढ़ से सभी दिशाओं में टीम रवाना की गई। रात्रि एक टीम द्वारा सिद्ध बाबा घाट के नीचे तीन व्यक्ति बैठे मिले जिन्हें थाना तलब कर पुछताछ करने पर उन्होंने अपना नाम नीरल किन्ही, अंजीत खाखा, आशीष किन्डो बताया।



## स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूल पहुंच कलेक्टर ने बच्चों के साथ किया मध्यान्ह भोजन

**कोण्डागांव।** बुधवार को कोण्डागांव कलेक्टर श्री दीपक सोनी ने जिला मुख्यालय की जामकोटपारा स्थित स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेजी माध्यम स्कूल का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने स्कूल के विभिन्न कक्षाओं में पहुंच बच्चों के साथ रोचक बातचीत की साथ ही उन्हें प्रोत्साहित भी किया। इस अवसर पर कलेक्टर शिक्षक की भूमिका में नजर आए उन्होंने बच्चों से कई मजेदार सवाल किए। जिसके सही जवाब पर उन्होंने बच्चों को उपहार भी प्रदान किए। जहां कलेक्टर के द्वारा बच्चों से भविष्य में विभिन्न क्षेत्रों में कार्य की सम्भावनाओं से भी बच्चों को अवगत कराया। इसके पश्चात भोजन अवकाश होने पर कलेक्टर ने जिला शिक्षा अधिकारी श्री अशोक पटेल के साथ बच्चों के बीच बैठकर मध्याह्न भोजन भी ग्रहण किया और बच्चों से बहुत सी चर्चाएं की। इसके अतिरिक्त उन्होंने स्कूल की व्यवस्थाओं के संबंध में प्राचार्य एवं शाला के शिक्षकों से विस्तृत चर्चा कर बच्चों से भी पढ़ाई के संबंध में



### शिक्षक की भूमिका में आए कलेक्टर, बच्चों से किये मजेदार सवाल एवं दिए उपहार

फीडबैक लिया। उन्होंने स्कूल के सभी कक्षाओं, लैब, शौचालयों आदि का निरीक्षण कर स्कूल प्रबंधन द्वारा की गई स्वच्छता व्यवस्थाओं की सराहना भी की।

कलेक्टर के निर्देश पर सभी विकासखण्डों के आत्मानन्द स्कूलों का किया गया निरीक्षण

कलेक्टर श्री सोनी द्वारा राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना के तहत सभी विकास खंडों में खोले गए स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी माध्यम स्कूलों के निरीक्षण हेतु सभी अनुविभागीय अधिकारियों को समय सीमा बैठक में निर्देशित किया गया था। जिस पर एसडीएम शंकरलाल सिन्हा एवं जनपद सीईओ रामेश्वर द्वारा केशकाल, जनपद सीईओ अनिकेत साहू द्वारा माकड़ी, एसडीएम सीमा ठाकुर एवं जनपद सीईओ निकिता मरकाम द्वारा फरसगांव एवं जनपद सीईओ बडेराजपुर द्वारा स्वामी आत्मानन्द अंग्रेजी माध्यम स्कूलों का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं की जानकारी ली गयी।

## अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले आंदोलन के चतुर्थ दिवस में उमड़ा जनसैलाब

**कोंडागांव।** कोंडागांव में आज आंदोलन के दौरान भूपेश सरकार की नीत एवं नीयत पर निरंतर उठाया गया सवाल? कर्मचारियों के लिए उनके द्वारा उठाए गए किसी भी योजनाओं में स्पष्ट नीति नहीं है जिससे कर्मचारियों को सीधा-सीधा लाभ मिल रहा हो उनकी प्रत्येक योजनाएं स्वयं के लाभ पर केंद्रित होता है ।आज पुरे देश में छत्तीसगढ़ मॉडल का चर्चा करते हैं और स्वयं को नंबर वन मुख्यमंत्री घोषित करते फिरते रहते हैं किंतु जब कर्मचारी अधिकारियों को कुछ देने का बात होता है माननीय मुख्यमंत्री आर्थिक स्थिति कमजोर है हम अभी कुछ भी देने की स्थिति में नहीं है,कहते हैं ।

हमारा यह प्रश्न है माननीय भुपेश जी कि आप देश के नंबर वन मुख्यमंत्री कैसे बने जब प्रदेश के 500000 कर्मचारी अधिकारी D.A.& HRA के लिए आंदोलन करने, सड़क पर उतरने के लिए मजबूर हैं। आज



### अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के बैनर तले आंदोलन के चतुर्थ दिवस में उमड़ा जनसैलाब

छत्तीसगढ़ राज्य पुरे भारत देश में एक ऐसा राज्य है जहां पर कर्मचारी अधिकारीयों को D.A और HRA के लिए आंदोलन करना पड़ रहा है। आज के आंदोलन में स्टेडियम ग्राउंड से गांधी चौक तक मसाल रैली आयोजित कर सरकार को जगाने का प्रयास किया गया। जिला मिडिया प्रभारी द्रुपद सेठिया, अरुण दीवान और गुनेश साहु। जी ने जानकारी दिया कि कोण्डागांव में कल होगी विशाल बाइक रैली अधिकारी कर्मचारी फेडरेशन के प्रांत और जिले के निर्णय के अनुसार कल पांचवे दिन में बाइक रैली का बाजार पारा से होते हुए कलेक्टर कार्यालय के लिए प्रस्थान होगा ।

### बस्तर विकास प्राधिकरण की बैठक होगी बाधित

वर्तमान स्थिति में सभी कर्मचारियों और अधिकारियों के हड़ताल में सम्मिलित होने से कल होने वाला बस्तर विकास प्राधिकरण का बैठक पूर्ण रूप से प्रभावित होगी।

## आईटी सेल जिला कांग्रेस पदाधिकारी का हुआ गठन

**कोण्डागांव** - कांग्रेस आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुश्री सुप्रिया श्रीनेत जी एवं छत्तीसगढ़ प्रदेश आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष जयवर्धन बिस्सा जी की भावनाओं के अनुरूप कांग्रेस पार्टी को मजबूती प्रदान करने हेतु जिला कांग्रेस कमेटी आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग में हुई नए पदाधिकारियों की नियुक्ति आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग के जिलाध्यक्ष रवि गोयल प्रेस विज्ञप्ति जारी कर ने जानकारी दी की 2023 विधानसभा चुनाव को देखते हुए छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष श्री मोहन मरकाम जी के निर्देश में कांग्रेस के सिद्धांतों पर चलते हुए पार्टी व संगठन को मजबूती प्रदान करें व छत्तीसगढ़ सरकार के मुख्यमंत्री



माननीय भूपेश बघेल जी जनकल्याणकारी योजनाओं व क्षेत्रीय विधायकों द्वारा क्षेत्र के लिए जो विकास कार्य किए जा रहे हैं उन्हें जन जन तक पहुंचाने के लिए सोशल मीडिया के नए पदाधिकारियों की नियुक्ति की गई है जिसमें जिला उपाध्यक्ष हरीश साहू फरसगांव, प्रवीण मिश्रा कोंडा, जिला महासचिव सर्वेश सेठिया, निलेश नेगी, जिला सचिव श्रीराम नेताम मांकड़ी ,ललित शोरी कोटवेल ,रामसुंदर नेताम पेंड्रावन विश्रामपुरी मोतीराम यादव विश्रामपुरी राहुल रोशन सिन्हा को नियुक्त किया गया है नवनियुक्त पदाधिकारियों की नियुक्ति पर विधानसभा के विधायक मोहन मरकाम जी ने केशकाल विधानसभा के लोकप्रिय विधायक संतराम नेताम जी ने जिला पंचायत अध्यक्ष देवचंद मातलाम प्रदेश उपाध्यक्ष आईटी सेल एवं सोशल मीडिया विभाग एवं बस्तर संभाग प्रभारी मणि वैष्णव प्रदेश सचिव आईटी सेल व कांकेर लोकसभा प्रभारी गीतेश गांधी कांकेर लोकसभा अध्यक्ष रूहाब मेमन बस्तर लोकसभा अध्यक्ष आशीष मिश्रा बस्तर लोकसभा सह प्रभारी मुकेश कश्यप सह प्रभारी बस्तर लोकसभा शुभम वैष्णव ने नवनियुक्त पदाधिकारियों अपनी शुभकामनाएं प्रेषित की है

# रायगढ़ में 6 लाख से अधिक बच्चों को दी जाएगी एलबेंडाजोल की गोली

## स्वास्थ्य, महिला एवं बाल विकास और शिक्षा विभाग की होगी सामूहिक भागीदारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

9 सितंबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस मनाया जाएगा। बच्चों को पेट के कीड़ों के संक्रमण से बचाने के लिए जिले के लगभग 6 लाख से अधिक बच्चों को कृमिनाशक दवा एलबेंडाजोल खिलाई जाएगी। खून की कमी और कुपोषण से लड़ने के लिए उक्त दिवस स्वास्थ्य विभाग द्वारा मनाया जाएगाए जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग एवं शिक्षा विभाग की समान भागीदारी होगी। इस दिन बच्चों को नि:शुल्क एलबेंडाजोल गोली खिलाकर कृमि संक्रमण से मुक्ति दिलाने का प्रयास किया जाएगा। वहीं जो बच्चे छूट जाएंगे उन्हें 14 सितंबर को मॉप उप राउंड में दवा दी जाएगी।



### सीएमएचओ डॉ. एसएन केशरी ने बताया

दवा का सेवन कराने का मुख्य उद्देश्य पेट के कीड़ों के संक्रमण से बच्चों को बचाने के साथ ही स्वास्थ्य एवं पोषण के स्तर में सुधार लाना भी है। 9 सितंबर को प्रदेश के सभी आंगनबाड़ी केंद्र, शासकीय विद्यालय, केंद्रीय विद्यालय, मदरसा, निजी विद्यालयों, महाविद्यालयों, तकनीकी संस्थानों में एलबेंडाजोल की दवा खिलाई जाएगी। सितम्बर माह में चलने वाले कार्यक्रम के लिये राज्य से प्राप्त गाइडलाइन के अनुसार जिले के समस्त विकासखंड को दिशानिर्देश भी भेजे जा चुके है। बच्चों को दवाई स्वास्थ्य विभाग की सहयोगी मितानिन और एएनएम के माध्यम से दी जाएगी। 1 से 2 वर्ष तक के बच्चों को आधी गोली 200 एमजी एलबेंडाजोल पीसकर तथा 2 से 3 के बच्चों को एक पूरी गोली पीसकर व 3 से 19 वर्ष तक के बच्चों को एक गोली 400 एमजी की दवा अभियान के तौर खिलाई जाएंगीं और जो बच्चे छूट जाएंगें उनको मॉप उप राउंड में यह दवा खिलाई जाएंगी।

### राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस के नोडल अधिकारी डॉ. टीजी कुलवेदी ने बताया

किसी भी बच्चे को जबरदस्ती दवा सेवन नहीं कराया जाएगा। बच्चों के स्वास्थ्य की स्थिति की जानकारी लेने के बाद जो बच्चे बीमार हैं या अन्य कोई दवाई ले रहे हैं तो उन्हें कृमि नाशक की दवाई नहीं खिलाई जाएगी। बच्चों को किसी भी परिस्थिति में दवाई घर नहीं ले जाने दिया जाएगा। बच्चों को दवाई हमेशा सामने ही खिलाया जाएगा। उन्होंने सभी से अपील की है कि आमजन और संबंधित विभाग के कर्मचारी.अधिकारी इस अभियान में सहयोग करते हुए रायगढ़ जिले को कृमि मुक्त जिला बनाने में सहयोग करें। उन्होंने आगे बताया



एल्बेंडाजोल की गोली बच्चों और बड़ों के लिए सुरक्षित है। प्रतिकूल प्रभाव यदि हो तो प्रबंधन के लिए प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र एवं उप स्वास्थ्य केन्द्रों पर उपचार की व्यवस्था रहेगी। 104 और 108 वाहन किसी भी प्रतिकूल स्थिति के तैयार रहेंगे। साथ ही 18001803024 टोल फ्री नंबर पर भी सहायता मिलेगी।

### दवा खिलाने के लिए विशेष प्रशिक्षण

छत्तीसगढ़ में भी 2015 से राष्ट्रीय कृमि मुक्ति कार्यक्रम से इसकी शुरूआत हुई है। कृमि मुक्ति दिवस को लेकर स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रशासनिक तैयारी शुरू कर ली गई है। गाइडलाइन के अनुसार स्वास्थ्य कार्यकर्ता, एएनएम सुपरवाइजर को ब्लॉक स्तर पर प्रशिक्षण जाएगा। जिसमे आयु के अनुसार एल्बेंडाजोल खिलने की विधि बतायी जाएगी। इस वर्ष बच्चों को आंगनबाड़ी केंद्रों एवं शासकीय विद्यालयों शासकीय अनुदान प्राप्त शालाओं, केंद्रीय विद्यालयों, नवोदय विद्यालय, मदरसों, निजी स्कूलों, अनुदान प्राप्त निजी स्कूलों, महाविद्यालयों, तकनीकी शिक्षा संस्थानों में कृमिनाशक दवा खिलाई जाएगी।

एक नजर

## घर में घुसा जहरीला सांप, रेस्क्यू कर जंगल मे छोड़ा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ़ के नराईटिकरा मोहल्ला के एक घर मे बिती रात अति जहरीला सांप जिसे बैंडेड कैरेत कहा जाता है जो कैरेत प्रजाति का है खास जानकारी के लिहाज से इसे दुनिया का चौथा बेहद जहरीला सांप माना जाता है। घर में घुस आया था जिसे मोहल्ले के कुछ जानकार नवयुवकों द्वारा सुरक्षित रेस्क्यू कर जंगल में ले जाकर छोड़ा गया है। जानकारी के मुताबिक बिती रात धरमजयगढ़ नराई टिकरा मोहल्ले में एक घर का परिवार उस वक्त चीखते चिल्लाते घर से बाहर हो गए जब उनके घर में एक धारीदार बेहद जहरीला सांप बैंडेड करैत को रेंगते हुए देखा गया उसी वक्त घबड़ा, घर मालिक दीनदयाल यादव द्वारा सांप के जानकार युवक अमित को जानकारी दी गई लिहाजा मोहल्ले के कुछ युवकों के सहयोग से डंडे के सहारे सांप का सुरक्षित रेस्क्यू कर बोरी में भरकर जंगल में ले जाकर छोड़ दिया गया तब कहीं जाकर परिजन सहित मोहल्लेवासी राहत की सांस लिए। जानकारों की माने तो इसे कुछ जगहों पर पीवणा सांप तो कहीं धारीदार और अहिराज कहा जाता है ये दिन के उजाले में बिलों से बाहर नहीं निकलते हैं, रात के अंधेरे में निकलते हैं और तभी अपना शिकार ढूंढ़ते हैं। इनमें सोते जीवों की गंध सूंघने की गजब की क्षमता होती है, जिससे ये अक्सर सोए हुए जीवों को अपना शिकार बनाते हैं और सूर्य उदय से पहले वापस बिलों में घुस जाते हैं।



## बस्तर में शिक्षा सहयोग योजना के लिए एनएमडीसी को मिला प्लेटिनम अवार्ड

**किरंदुल** । वनवासी बहुल और माओवाद प्रभावित बस्तर संभाग में शिक्षा सहयोग योजना के माध्यम से वंचित समुदाय के जीवन में उजाला फैलाने के एनएमडीसी के प्रयासों को राष्ट्रीय स्तर पर रेखांकित किया गया है। ग्रीनटेक फाउंडेशन द्वारा असम के गुवाहाटी में आयोजित एक कार्यक्रम में एनएमडीसी किरंदुल को शिक्षा सहयोग योजना के सफल क्रियान्वयन के लिए प्लेटिनम अवार्ड से सम्मानित किया गया। एनएमडीसी की ओर से किरंदुल परियोजना के कार्मिक और सीएसआर विभाग के प्रमुख बी.के.माधव और वित्त विभाग के वरिष्ठ प्रबंधक के.के.बेहरा ने गुवाहाटी में यह पुरस्कार प्राप्त किया।

भारत सरकार की सबसे बड़ी नवरत्न खनन कंपनी एनएमडीसी अपने नैगम सामाजिक दायित्व (सीएसआर) के तहत किरंदुल परियोजना के द्वारा प्रतिवर्ष बस्तर के करीब अठारह हजार छात्र-छात्राओं को शिक्षा सहयोग योजना के माध्यम से सालाना ढाई हजार रूप से लेकर 10 हजार रुपए तक की छात्रवृत्ति प्रदान करती है। एनएमडीसी के किरंदुल परियोजना द्वारा बस्तर संभाग के कक्षा नौवीं के विद्यार्थी को ढाई हजार, दसवीं के विद्यार्थी को तीन हजार, ग्यारहवीं के विद्यार्थी को साढ़े तीन हजार, बारहवीं के विद्यार्थी को 4 हजार और स्नातक के विद्यार्थी को सालाना पांच हजार रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। इंजीनियरिंग के विद्यार्थी को सालाना साढ़े सात हजार और मेडिकल के विद्यार्थी को दस हजार रुपए सालाना छात्रवृत्ति प्रदान की जाती है। यह योजना बस्तर संभाग के अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति वर्ग के सभी बालिकाओं के लिए है जबकि बस्तर संभाग के अन्य पिछड़ा वर्ग और सामान्य वर्ग के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले परिवार के बालिकाओं को भी योजना का लाभ दिया जाता है।

## नगद 25 हजार रुपये के साथ 8 जुआरी गिरफ्तार


**जगदलपुर** । जिले के बोधघाट थाना क्षेत्र अंतर्गत रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड में स्थित पानी की टंकी के पास बुधवार की रात को पुलिस ने नगद 25 हजार रुपये के साथ 08 जुआरियों निर्मल सिंह डांगी निवासी गांधी नगर वार्ड, बादल सिंह दंतेश्वरी वार्ड, असीम साह निवासी अब्दुल कलाम वार्ड, कमल सेठिया निवासी परपा, सन्नी लाल निवासी महारानी वार्ड, राजेन्द्र डोंगरे निवासी बलिराम कश्यप वार्ड, किशोर कश्यप निवासी रवींद्रनाथ टैगोर वार्ड और इंदर निषाद निवासी अंबेडकर वार्ड को जुआ खेलते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है, वहीं कुछ जुआरी इस दौरान मौके से फरार होने में कामयाब रहे हैं। पुलिस ने मौके पर से नगद 25 हजार रुपये, 06 मोबाइल और ताश के 52 पत्ते बरामद कर जुआ एक्ट की धारा 13 के तहत कर्यवाही किया है।

## मोदी ट्वेंटी ड्रीम्स मीट डिलिवरी पुस्तक सेमिनार में शामिल होंगे गृहमंत्री अमित शाह

### ओपी चौधरी ने सोशल मंच से दी इस संबंध की जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

भाजपा नेता ओपी चौधरी ने अपने सोशल मंच से जानकारी देते हुए कहा कि नरेंद्र मोदी ने मुख्यमंत्री और प्रधानमंत्री के रूप में बीस वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। इस दो दशक की यात्रा के दौरान उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में विजनरी और क्रांतिकारी परिवर्तन करने हेतु कदम उठाए हैं।




इन विषयों पर देश के अलग-अलग क्षेत्रों से जुड़े प्रख्यात विद्वानों ने तार्किक विश्लेषण करते हुये अपने लिखित विचार व्यक्त किए हैं। जिसका संकलन मोदी 20 पुस्तक के रूप में देश की जनता के सामने आया है। पुस्तक की प्रस्तावना पर भारत रत्न स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने विचार व्यक्त किए है। राष्ट्रीय खिलाड़ी पीवी सिंधु वरिष्ठ लेखक, अमीश त्रिपाठी प्रसिद्ध अर्थ शास्त्री, अरविंद पनगरिया बैंकर उदय कोटक प्रख्यात चिकित्सकए डॉ. देवी शेट्टी कांग्रेस से जुड़े टेक्नोक्रेट नंदन निलकनी आध्यात्मिक क्षेत्र से जुड़े संत सद्गुरु रक्षा विशेषज्ञ, अजीत डोवाल डिप्लोमेट एस जयशंकर चुनाव विश्लेषक प्रदीप गुप्ता राजनेता अमित शाह जैसी शख्शियत का आलेख इस पुस्तक में शामिल है स इस पुस्तक के संबंध में विस्तार से जानकारी हेतु राजधानी रायपुर में एक सेमिनार आयोजित किया जा रहा है स जिसमे गृहमंत्री अमित शाह के शामिल होने की जानकारी ओपी चौधरी ने दी है।

## छाल क्षेत्र के अलग-अलग जगहों में एक दिन में विषधरों ने तीन लोगों को काटा

जोहार छत्तीसगढ़-धरमजयगढ़।

धरमजयगढ क्षेत्र में विषधरों के कहर की खबर लगातार सामने आ रही है जानकारी के अनुसार पहली स्नैक बाईट की घटना धरमजयगढ़ के छाल इलाके की है खर्रा गांव निवासी साधो बाई धनवार उम्र 28 वर्ष को रात में करीब 7 बजे घर के आंगन में नाग सांप ने डस लिया जिसके बाद परिजन गांव में झाड़ फूक कराने में जुट गए। जब हालत बिगड़ने लगी तो 108 के माध्यम से बेहतर इलाज के लिए अस्पताल रेफर किया गया। वहीं दूसरी घटना नवापारा की है जहां 14 वर्षीय विवेक बेहरा को घर पास खेलते वक्त अज्ञात विषैले सांप ने काट लिया जिसे नजदीकी स्वास्थ केंद्र में भर्ती कराया गया है तीसरी घटना बांसाझार गांव की है जहां के निवासी सिया राम बघेल अपने खेत मे काम कर रहा था उसी दौरान जहरीले कैरेत सांप ने काट लिया सांप काटने के तुरंत बाद 108 से सिया राम को इलाज के लिए हॉस्पिटल लाया गया जहां ड्यूटी में तैनात डॉक्टरों द्वारा उपचार किया जा रहा है जानकारी के अनुसार सभी के स्वास्थ्य में फ़िलहाल सुधार बताई जा रही है।





## चोरी की बाइक बेचने घूम रहा युवक आया छाल पुलिस के हाथ

### नवापारा से बाइक चोरी करना कबूला आरोपी

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

पुलिस अधीक्षक अभिषेक मीना द्वारा संपत्ति संबंधी अपराधों में अंकुश लगाने के दिये गये दिशा निर्देशन पर थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेंद्र एसैया द्वारा अपने स्टाफ को मुखबिर लगाकर संदिग्धों की धरपकड़ के निर्देश दिये गये हैं । इसी क्रम में आज दिनांक 25 अगस्त 2022 को छाल पुलिस द्वारा मोटरसाइकिल चोरी के संदेह में ग्राम बोजिया बस्ती पर संदेही मानसिंह राठिया पिता सुखसिंह राठिया उम्र 20 वर्ष निवासी ऐडुकला थाना छाल को हिरासत में लिया गया । थाना प्रभारी छाल को सूचना मिली थी कि मानसिंह राठिया चोरी की मोटर सायकल रखे हुये है । संदेही के पास एक मोटरसाइकिल बजाज एक्स सीडी सीजी 12 एन 3828 की जब्त किया गया है । संदेही मानसिंह राठिया द्वारा मोटरसाइकिल को नवापारा छाल से चोरी करना स्वीकार किया है । थाना छाल में आरोपी मानसिंह राठिया पर धारा 41(1+4)सी आर पिसी/379 आईपीसी की कार्रवाई कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है । माल मुल्जिम पतासाजी में थाना प्रभारी छाल निरीक्षक जितेन्द्र एसैया, प्रधान आरक्षक दादुलाल सिदार, आरक्षक हरेंद्र पाल सिंह, दिलीप कुमार सिदार, गोविंद राम बनर्जी शामिल थे ।



## उल्टी दस्त को न लें हल्के में, बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में लोग रखें विशेष ध्यान

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

बरसात जारी है लेकिन बाढ़ के हालात फि लहाल नहीं हैं। जिन गांवों में पानी घुसा था वहां अब बाढ़ के बाद होने वाली बीमारियों की प्रबल संभावना है। ऐसे में स्वास्थ्य विभाग ने एडवाइजरी जारी करते हुए अपील की है कि लोग साफ स्वच्छ पानी का इस्तेमाल करें। क्लोरीन टेबलेट का उपयोग करें। प्रभावित इलाकों में मितानिन, आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं द्वारा घर-घर क्लोरीन के टेबलेट और जरूरी दवाओं का वितरण कर दिया गया है। मंगलवार को पुसौर क्षेत्र में सामान्य उल्टी-दस्त से दो लोगों की मृत्यु के बाद से स्वास्थ्य विभाग अलर्ट मोड पर है। मरने वालों में एक 55 वर्षीय जनप्रतिनिधि कैलाश पाइक और एक 36 वर्षीय युवा सुधाकर है। दोनों ही उल्टी दस्त की शिकायत हुई। समीप के निजी अस्पताल गए फिर वहां रायगढ़ के अस्पताल में लाने के दौरान ही दोनों की मौत हो गई। 36 वर्षीय मृतक के भाई महेश्वर सेठ ने बताया कि 24 अगस्त की सुबह उसके भाई सुधाकर को सुबह 3 बजे से उल्टी दस्त शुरू। 3-4 होने के बाद सुबह 8 बजे स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया, 11.30 बजे अपराहन उसे उच्च अस्पताल रेफ र कर दिया गया जहां अस्पताल पहुंचने पर उसकी गाड़ी में जांच में भाई को मृत बताया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने लोगों से अपील की है श्वह उल्टी दस्त को हल्के में न लें। एक ही दिन में दो सामान्य उल्टी दस्त के मरीज की मौत हो गई है। जिन्हें भी उल्टी दस्त की समस्या है वह तुरंत डॉक्टर अथवा स्वास्थ्य विभाग की टीम से संपर्क करें। ओआरएस के घोल लेते रहें और शरीर को डिहाईड्रेट होने से बचाएं। हमारी टीम हर जगह मुस्तैद है। ग्रामीणों में टीम के द्वारा आवश्यक दवाओं का वितरण कर दिया गया है। फि लहाल गांव का एक भी व्यक्ति अस्पताल में भर्ती नहीं है। सुधाकर के गांव सुटुपानी के उपसरपंच एमबी गुप्ता ने बताया शगांव और आसपास के इलाके में पुसौर स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा सुधाकर सेठ के घर एवं पूरे गांव में उल्टी दस्त के मरीजों की खोज के लिए भ्रमण किया गया जिसमें एक भी मरीज नहीं मिला। पूरे गांव में क्लोरिन की गोली का वितरण कर उसके उपयोग के बारे में बताया गया। मितानिन ने गांव में ओआरएस के पैकेट भी बांटे हैं और लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग द्वारा गांव के पानी का सैंपल लिया गया है। फि लहाल गांव में उल्टी दस्त से ग्रसित कोई मरीज नहीं। पंचायत द्वारा भी लोगों को एहतियात बरतने के लिए कहा जा रहा है।



### बरते जा रहें हैं एहतियात

*कलेक्टर रानू के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एसएन केशरी ने खंड चिकित्सा अधिकारियों, डॉक्टर्स समेत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारियों को बाढ़ के बाद होने वाली बीमारियों को लेकर बचाव के लिए समुचित व्यवस्था करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने बताया बाढ़ का पानी कम होने के बाद डायरियाए डेंगू और टायफ इड जैसी बीमारियों का प्रभाव बढ़ जाता है इसलिए यह बीमारियां गंभीर रूप न ले इसके लिए जरूरी दवाओं को प्रभावित क्षेत्रों तक पहुंचाया जा चुका है। चूना और ब्लीचिंग छिड़काव हो रहे हैं।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in